इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 | अंक -323 | राजनांदगांव, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## बाबा सिद्दीकी की हत्या में अब तक 6 आरोपियों के नाम आए सामने, 3 गिरफ्तार, तीन फरार

मुंबई। बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में अभी तक कुल छह आरोपियों के नाम सामने आ चुके हैं। अब तक तीन (धर्मराज कश्यप, गुरमेल सिंह, प्रवीण लोनकर) की गिरफ्तारी हो चुकी है और तीन (जासिन अख्तर, शिवा प्रसाद गौतम, शिबू लोनकर) फरार चल रहे हैं।

एनसीपी (अजित गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार 2 आरोपियों गुरमैल सिंह और धर्मराज कश्यप को रविवार (13 अक्टूबर) को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने गुरमैल सिंह को 21 अक्टूबर (7 दिन) तक के लिए पुलिस रिमांड में भेज दिया है। वहीं धर्मराज ने मजिस्ट्रेट के सामने नाबालिग होने का दावा किया। इसके बाद कोर्ट ने धर्मराज कश्यप का बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट कराने की मंजूरी दी है। इस टेस्ट के बाद ही उसकी सही उम्र का पता चल पाएगा।

### धर्मराज का बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट होगा

इस पर अभियोजन पक्ष ने उसकी सही उम्र पता करने के लिए बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट कराने की मांग की। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने धर्मराज कश्यप के बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट की मंजूरी दी, जबकि गुरमेल सिंह को 21 अक्टूबर (7 दिन) तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। मुंबई पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों की पहचान की है।

### गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप नाम के आरोपी गिरफ्तार

गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप को पुलिस ने शनिवार रात में वारदात के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया था। वहीं शिवा कुमार और मोहम्मद जासिन अख्तर नाम के दो आरोपी फरार हैं। इन्हें पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस ने 10 टीमें गठित की हैं।

शिवा और धर्मराज यूपी के बहराइच के रहने वाले हैं। गुरमैल हरियाणा के कैथल का रहने वाला है, जबकि मोहम्मद जासिन अख्तर पंजाब के पटियाला का रहने वाला है। मुंबई पुलिस के डीसीपी दत्ता नलवाडे ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 2 पिस्तौल और 28 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।



### सलमान खान के घर की सुरक्षा बढ़ाई गई

लॉरेंस का नाम सामने आने के बाद सलमान खान के घर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। लॉरेंस गैंग ने इसी साल अप्रैल में सलमान के घर पर फायरिंग करवाई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या शनिवार रात को उनके विधायक बेटे जीशान के बांद्रा स्थित ऑफिस के सामने की गई थी। उन्हें तीन गोलियां मारी गईं थीं। वे इसी साल फरवरी में कांग्रेस छोड़कर अजित पवार की एनसीपी में शामिल हुए थे। सिद्दीकी बांद्रा से 3 बार विधायक रह चुके थे।

### मरीन लाइंस कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक हुए बाबा सिद्दीकी, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई



एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी को रविवार रात को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने से पहले बांद्रा में उनके घर के बाहर नमाज अदा की गई। इसके बाद मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार के दौरान प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल और अजित पवार सहित कई एनसीपी नेता मौजूद रहे। बाबा सिद्दीकी का नमाज-ए-जनाजा (अंतिम संस्कार) पाली रोड स्थित मकबा हाइट्स पर हुआ। उन्हें मरीन लाइंस स्टेशन के पास स्थित बड़ा कब्रिस्तान में दफनाया गया। इससे पहले उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पर शव रखा गया था, जहां आम लोगों और उन्हें चाहने वाले एवं समर्थकों को जाने दिया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में विभिन्न दलों के प्रमुख नेता, हस्तियां और आम लोग मौजूद रहे।

## लेबनान में घुसा इजरायल, इधर भड़के फ्रांस, स्पेन और इटली ने दे डाली चेतावनी; बाइडन बोले- मैं बात करता हूं

बेरूत, रॉयटर्स। लेबनान के दक्षिणी भाग में इजरायली सेना और हिजबुल्ला के बीच भीषण लड़ाई जारी है। सीमावर्ती राम्या गांव के पास इजरायली सेना टैंकों से हमले कर रही है, लेकिन उसे आगे बढ़ने का रास्ता नहीं मिल रहा है। वैसे लेबनान के अन्य क्षेत्रों में इजरायल के हवाई हमले जारी हैं।

रविवार को तीन क्षेत्रों में हुए हवाई हमलों में रविवार को कुल 15 लोग मारे गए और 36 घायल हुए हैं। इन्हें मिलाकर इजरायली हमलों में लेबनान में मारे गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 2,225 हो गई है। ताजा इजरायली हमलों में लेबनान के करीब सौ साल पुराने एक बाजार को भारी नुकसान हुआ है।

### संयुक्त राष्ट्र का जवान घायल

इस बीच शनिवार को इजरायली फायरिंग में संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक बल के एक और जवान के घायल होने पर विश्व के कई देशों ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। गुरुवार से तीन अलग-अलग घटनाओं में इजरायली सेना के हमलों में संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक बल के कुल पांच जवान घायल हो चुके हैं। एक जवान शनिवार देर रात घायल हुआ था।



संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस और पश्चिमी देशों के नेताओं ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात कर संयुक्त राष्ट्र बल पर हमले रोकने के लिए कहेंगे। इन हमलों के विरोध में फ्रांस ने इजरायली राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध जताया है, जबकि इटली और स्पेन ने इजरायली सेना के कृत्य को अन्यायपूर्ण और अस्वीकार्य बताया है।

### संयुक्त राष्ट्र के जवानों में 900 भारतीय

इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र से दक्षिण लेबनान से शांतिरक्षक बल को हटाने का अनुरोध किया है। कहा है कि हिजबुल्ला लड़ाकों के शांतिरक्षक बल की आड़ लेने से ये घटनाएं हो रही हैं। विदित हो कि दक्षिणी लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र बल के 10 हजार जवानों में 900 भारतीय हैं।

### गाजा में एक ही परिवार के आठ लोग मारे गए

गाजा में इजरायली सेना के हमले जारी हैं। ताजा हवाई हमला मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में हुआ है। इस हमले में एक ही परिवार के आठ लोग मारे गए हैं। मारे गए लोगों में कई बच्चे हैं। हमले में दो महिलाओं समेत सात लोग घायल भी हुए हैं। रफाह क्षेत्र में भी लड़ाई जारी है। गाजा में एक वर्ष से ज्यादा समय से छिड़े युद्ध में इजरायली हमलों में मारे गए फलस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 42 हजार के आंकड़े को पार कर गई है।

## आज देशभर के अस्पताल रहेंगे बंद, कल अनशन करेगा आईएमए

नई दिल्ली। अखिल भारतीय चिकित्सा संघ ने पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों के समर्थन में 14 अक्टूबर (सोमवार) को देशभर में 'वैकल्पिक सेवाओं को बंद' करने का आह्वान किया है। संगठन कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार हुई युवा चिकित्सक के लिए न्याय की मांग कर रहा है। इससे पहले दिन में भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने 15 अक्टूबर को 24 घंटे की देशव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की थी, जबकि कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन नौवें दिन भी जारी रहा और तीन डॉक्टरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नहीं सुनी जा रही हमारी मांग

डॉक्टरों के संगठन ने सभी राष्ट्रीय चिकित्सा संघों, राज्य रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) और विभिन्न राज्य मेडिकल कॉलेजों और राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआईएस) के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) को संबोधित एक खुले पत्र में बंद का आह्वान किया। पत्र में कहा गया है कि 9 अगस्त से 'एफएआईएमए' हमारी सहकर्मी के लिए न्याय की मांग तथा पूरे देश में सभी स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण के मौलिक अधिकार की मांग में एकजुट है। इसमें कहा गया है कि पिछले दो महीनों में मंत्रियों और नौकरशाहों को अनगिनत पत्र लिखने के बाद भी, उन्हें 'वही भयावह वास्तविकताओं' का सामना करना पड़ रहा है, आवाजों को नजरअंदाज किया जा रहा है, सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है और अपीलें खारिज की जा रही हैं।



### खुली रहेंगी आपातकालीन सुविधाएं

पत्र में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को लिखे गए उनके पिछले पत्र के बाद से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। पत्र में उन्होंने अपनी मांगें पूरी न होने पर हड़ताल को बढ़ाने का अल्टीमेटम दिया था। यह हमें देशभर के सभी आरडीए और मेडिकल एसोसिएशनों से अनुरोध करने के लिए मजबूर कर रहा है कि वे 14 अक्टूबर से देश भर में वैकल्पिक सेवाओं को बंद करने के हमारे आह्वान में हमारे साथ शामिल हों। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## धान खरीदी से पहले मंत्री की सख्त हिदायत, भंडारण सामग्री की गुणवत्ता, वजन में लापरवाही हुई तो अधिकारी होंगे जिम्मेदार

रायपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि गोदामों में भंडारण की गुणवत्ता और वजन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर ऐसी कोई अनियमितता पाई जाती है, तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, मंत्री ने राशन दुकानों का भी निरीक्षण करने का आदेश दिया है ताकि वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके।



### धान खरीदी का लक्ष्य बढ़ सकता है

धान उपार्जन नीति पर भी जोर दिया जा रहा है। इस नीति को तैयार कर जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। संभावना है कि इस बार धान खरीदी का लक्ष्य बढ़ाया जा सकता है, ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके।

नई नीति में धान एवं मक्का के समर्थन मूल्य, उपार्जन की अवधि, प्रति एकड़ खरीदी का निर्धारण, और बायोमैट्रिक प्रणाली के आधार पर खरीदी प्रक्रिया को शामिल किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चले और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### नापतौल उपकरणों में सुधार के निर्देश

धान खरीदी की तैयारी के तहत राज्य सरकार 15 नवंबर से इस प्रक्रिया की शुरुआत करने जा रही है। इसके लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान बारदाने की व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन, कम्प्यूटर, और नापतौल उपकरणों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसानों से इस प्रकार की कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए कि उनके धान का सही तरीके से नापतौल नहीं हो रहा है या उनसे अधिक धान लिया जा रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमित शाह चुनेंगे हरियाणा का सीएमः भाजपा ने 2 ऑब्जर्वर तय किए



**16 को विधायक दल की बैठक, अनिल विज नड्डा से मिले**

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद अब जल्द ही नई सरकार का गठन होने वाला है। नई सरकार के लिए 17 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है। हरियाणा के नए सीएम कौन होंगे, यह अभी तक तय नहीं हो सका है। शपथ ग्रहण समारोह से पहले 16 अक्टूबर को विधायक दल की बैठक होने वाली है, जिसमें हरियाणा का नया सीएम चुना जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीजेपी संसदीय बोर्ड ने पार्टी के 2 नेताओं को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है, जो हरियाणा के नए सीएम का चयन करेंगे। इन दोनों ऑब्जर्वर में एक तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हैं और दूसरे मध्यप्रदेश के नए सीएम मोहन यादव हैं। पिछले 5 सालों में यह दूसरा मौका होने वाला है, जब अमित शाह को किसी राज्य का मुख्यमंत्री चुनने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले उत्तर प्रदेश का भी सीएम अमित शाह ने ही चुना था। बता दें कि शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के परेड ग्राउंड में होगा।

बता दें कि अभी तक चर्चा चल रही थी कि सीएम नायब सिंह सैनी को हरियाणा का नया सीएम चुना जाएगा, लेकिन बीजेपी की संसदीय बोर्ड ने जैसे ही अमित शाह को ऑब्जर्वर बनाया, इसके बाद से कई और नामों को लेकर भी चर्चा शुरू चुकी है। हालांकि रेस में सबसे आगे सैनी ही हैं, क्योंकि बीजेपी ने हरियाणा चुनाव ही सैनी के चेहरे पर लड़ा है, लेकिन जब तक किसी को विधायक दल का नेता नहीं चुना जाता है, तब तक कुछ बोल पाना मुश्किल है।

मीडिया में खबरें चलने लगी है कि नायब सैनी के अलावा भी किसी और को हरियाणा का सीएम बनाया जा सकता है, नहीं तो अमित शाह को ऑब्जर्वर नियुक्त करने की क्या जरूरत थी। बताते चलें कि सैनी के बाद इस रेस में दूसरे स्थान पर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज हैं, इसके अलावा बीजेपी नेता राव इंद्रजीत सिंह भी सीएम पद के लिए दावा ठोक चुके हैं।

हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अम्बाला छावनी से सातवीं बार जीत दर्ज करने के उपरांत आज दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीजीपीएससी चेयरमैन की हुई नियुक्ति, रिटायर आईएएस रीता शांडिल्य बनायी गयी पीएससी की नयी चेयरमैन

रायपुर (दावा)। आईएएस रीता शांडिल्य पीएससी की नयी चेयरमैन होगी। रीता शांडिल्य हाल ही रिटायर हुई थी। भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी रीता शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है।



इस आशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर से जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के प्रशासनिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए भी अधिकृत किया गया है। उन्हें पीएससी चेयरमैन की जिम्मेदारी दी गयी है। इसे लेकर राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। रीता शांडिल्य 2002 बैच की अफसर थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अग्निवीरों की शहादत दूसरे सैनिकों से कम होने की वजह बताए सरकार : राहुल

नयी दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि क्या सरकार अन्य सैनिकों की तरह इन अग्निवीरों को भी सम्मान और मुआवजा देगी।



श्री गांधी ने कहा, नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर - गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित - का निधन एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार असफल रही है। उन्होंने पूछा क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गुजरात में बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़, 5000 करोड़ रुपये का कोकीन बरामद



अंकलेश्वर। गुजरात में एक बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। ड्रग्स और नशा मुक्त भारत अभियान के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत दिल्ली पुलिस और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाया कर रविवार को 5,000 करोड़ रुपये मूल्य की 518 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी की तलाशी के दौरान कोकीन की इतनी बड़ी खेप बरामद की गई है।

इससे पहले 1 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महिपालपुर में तुषार गोयल नाम के शख्स के गोदाम पर छापा मारकर 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप जब्त की थी। जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर में एक दुकान से करीब 208 किलोग्राम अतिरिक्त कोकीन बरामद की गई थी।

जांच के दौरान पता चला था कि बरामद दवा फार्मा सॉल्यूशन सर्विसेज नाम की कंपनी की है और यह गुजरात के अंकलेश्वर की अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से आई है। इस मामले में अब तक कुल 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक थाईलैंड मारिजुआना बरामद किया गया है, जिसकी कीमत 13,000 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में बनेगी फिल्म सिटी:राज्य सरकार का बड़ा निर्णय, 250 करोड़ का प्रस्ताव

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बॉलीवुड की बढ़ती दिलचस्पी के बाद राज्य में फिल्म सिटी निर्माण की लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। राज्य सरकार ने फिल्म सिटी बनाने का निर्णय लिया है। फिल्म सिटी बनाने के लिए संस्कृति विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। फिल्म सिटी निर्माण के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाया गया है। नवा रायपुर में प्रारंभिक तौर पर इसके लिए करीब दो सौ एकड़ जमीन भी चिन्हित कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसमें रूचि दिखाई है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद फिल्म सिटी का प्रस्ताव तैयार किया गया है। केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद फिल्म सिटी पर काम शुरू कर दिया जाएगा। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार होने की वजह से इसकी स्वीकृत जल्द होने की उम्मीद है। फिल्म सिटी नवा रायपुर में 150 से 200 एकड़ जमीन पर बनाने की तैयारी है। जिन राज्यों में फिल्म सिटी पर काम किया गया है वहां का अध्ययन भी संस्कृति विभाग के अफसरों के द्वारा किया गया है, उसके आधार पर इसे तैयार किया जाएगा।



### राज्य सरकार बनाएगी नए सिरे से फिल्म नीति

फिल्म सिटी के साथ ही राज्य सरकार फिल्म नीति भी तैयार की जाएगी, जिसमें फिल्मों को मिलने वाले अनुदान से लेकर फिल्मों की दशा-दिशा तय की जाएगी। फिल्म निर्माण के क्षेत्र में काम करने वालों को इससे लाभ होगा साथ ही रोजगार के भी साधन बढ़ेंगे। राज्य में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में लगे निर्माता और कलाकारों को भी फिल्मों से संबंधित प्रशिक्षण और अन्य सुविधाओं से इसे विकसित किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# शहर में ज्योति जंवारा सहित मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा की रही धूम

## दो दिनों तक विसर्जन कार्यक्रम का सिलसिला रहा जारी, विसर्जन यात्रा में भक्ति भाव का बना रहा माहौल








राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित पूरे अंचल भर में नवरात्रि पर्व की समाप्ति के बाद ज्योति - जंवारा व देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। देवी मंदिरों व पंडालों से देवी प्रतिमाओं की बाजे- गाजे के साथ निकाली गई विसर्जन यात्रा की धूम रही।

देवी मां के भक्तों ने श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों में बोए गए मनोकामना ज्योति- ज्वारा व पंडालों में विराजित किए गए मां दुर्गा, काली, सरस्वती शारदे की प्रतिमाओं को पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ शोभायात्रा निकालकर कर नजदीक के नदी सरोवरों में विसर्जन किया। इस दौरान जस गायकों के मुख से हरियर मड़वा उजारे, माता महारानी, सगरी नहाए बर, जाए हो माय, की गूंज वातावरण में तैरती रही।

शहर में जगह- जगह के देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों से निकाली गई शोभायात्रा व ज्योति- ज्वारा कलश यात्रा को देखने लोगों की खासी भीड़ रही। खासकर महिलाएं मातारानी की शान में ज्योति-ज्वारा के गीत गुनगुनाते शोभायात्रा में देर तक साथ चलती रही। इस दौरान सिर में कतार बद्ध धारण किए ज्योति-ज्वारा कलश का दर्शन लोगों की भीड़ उमड़ी रही। कई मान्यता मांगने वाली महिलाओ को ज्योंति- जवारा विसर्जन यात्रा के सामने लेट कर अपने उपर से कलश यात्रा को गुजारते देखा गया। इस दौरान जसगीत गान के बीच कई महिला व पुरुषों को दैवीय आवेग में झूमते-नाचते देखें गया। इसके अतिरेक होने पर बैग- गुनियाओं द्वारा इन पर नींबू काट कर या हूम- धूप दिलवा कर इन्हें शांत कराते हुए देखा गया।

शहर में बाजे- गाजे के साथ मां दुर्गा, भवानी की विसर्जन यात्रा व ज्योति- ज्वारा विसर्जन शोभायात्रा निकलते समय शहर में अनेक स्थानों पर यातायात जाम की स्थिति बनी रही। लेकिन पुलिस स्वयं उपस्थित होकर सुचारू रूप से विसर्जन यात्रा निकलने की व्यवस्था कराने में जुटी रही। इस दौरान भक्तजन बिना किसी भय के ढोलक मांदर व झांझ मंजीरे के साथ माता रानी का जसगान करते हुए नजदीक के नदी- सरोवरों तक गाते - बजाते चलते रहे।

### विसर्जन का जारी रहा सिलसिला

बता दें कि नवरात्रि अष्टमी व नवमी तिथि को यज्ञ हवन आयोजित किए जाने के उपरांत ज्योति- ज्वारा विसर्जन व देवी प्रतिमाओं के धूमधाम के साथ विसर्जन किए जाने की तैयारी होने लगी थी। शहर के काली माई मंदिर, महामाई मंदिर चंडी मंदिर शीतला मंदिर फिरतीन माता मंदिर सहित अन्यान्य मंदिरों व देवी पंडालों से बाजे- गाजे के साथ एक-एक कर विसर्जन शोभायात्रा निकाले जाने का क्रम जारी रहा। कई स्थानो पर देर शाम व रात्रि में धूमधाम के साथ ज्योंति - जवांरा विसर्जन यात्रा निकाली गई।

ज्यादातर ज्योति- जंवारा का विसर्जन शहर के माता देवाला शीतला मंदिर सुनार पारा में ही किया गया। वहीं नजदीक के ज्योति जंवारा इंदिरा सरोवर भरकापार में विसर्जित किए गए। गंज लाइन दुर्गा उत्सव की विसर्जन यात्रा रविवार दोपहर को धूमधाम से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में व्यवसायी बंधु साथ रहे। शहर सहित गांवों में भी ज्योति जंवारा विसर्जन सहित दैवी प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा की धूम रही। भक्त जनों ने बाजे- गाजे के साथ विसर्जन यात्रा निकाल कर नदी - सरोवरों में देवी प्रतिमाओं व ज्योति-ज्वारा का विसर्जन किया। इस दौरान कई सखियों ने आपस में एक दूसरे के कान में जंवारा की बाली खोंस कर जवांरा मितानी बधे।

# 'नवा बिहान' के तहत सायबर एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध दशहरा पर चलाया गया जागरूकता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस द्वारा 5 अक्टुबर से 19 अक्टुबर तक संपूर्ण राजनांदगांव जिले में शासन के मंशानुरूप एस.पी. मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त 'नवा बिहान' के तहत सायबर जागरूकता एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत कल म्युनिसिपल स्कूल मैदान में रावन दहन के पहले लगभग पन्द्रह हजार की संख्या में उपस्थित लोगों के बीच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा राजनांदगांव जिले में कई सायबर फ्रॉड के शिकार लोगों का उदाहरण देकर साइबर क्राईम के बारे में बताया गया कि शेयर बाजार में निवेश के नाम पर फेक ट्रेडिंग एप के नाम पर ठगी, सेक्सटार्शन, फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर ठगी करने एवं एपीके फाईल लिंक को ओपन न करने, कूरियर कर्मचारी या अधिकारी बनकर कोई पैकेज या पार्सल के नाम पर कस्टम डिपार्टमेंट में अटक गया जिसे पाने के लिए आपको पहले कस्टम्स ड्यूटी या टैक्स चुकाने के नाम पर ठगी। सोशल मीडिया में अनजान लोगो को रियल लाईफ में सत्यापन किये बिना उनका फ्रेंडशीप रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करने, सोशल मीडिया में फेक प्रोफाईल के संबंध में तत्काल रिपोर्ट करने, सोशल मीडिया में पोस्ट थर्ड पार्टी एप्स, लिंक अंजान से न जुड़ने, व्हाट्सएप, टिवीटर, फेसबुक, इन्सटाग्राम, टेलीग्राम आदि में प्राईवेसी सेटिंग, टू-स्टेप वेरिफिकेशन ऑन करने हेतु आदि अपराधों के बारे में रोकथाम हेतु जागरूक कर सायबर पोर्टल https://cybercrime.gov.in या सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 में ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने के अलावा अपने निकटतम पुलिस थाना या सायबर सेल जाकर रिपोर्ट करने हेतु कहा गया। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत जानकारी देकर नारकोटिक्स/ड्रग्स/ अवैध नशा से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में उपस्थित लोंगों को समझाते हुये कहा की नशा न केवल व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक नुकसान करता है बल्कि उसके परिवार को भी पतन की ओर धकेल देता है। समाज में अपराध की मुख्य वजह नशा ही माना गया है इसी लिये नशे से दूर रहने हेतु समझाईस दी गई और आस पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु कहा गया। इसी प्रकार कमला कॉलेज मैदान में लगभग दो हजार पांच सौ लोगों जागरूक कर पांच सौ पाम्प्लेट वितरण किया गया। थाना कोतवाली क्षेत्र के लखोली व लेवर कॉलोनी एवं गौरीनगर में लगभग एक हजार लोगों को पांच सौ पाम्पलेट वितरण कर लोंगो को जागरूक किया गया। साथ ही जिले भर में दुर्गा पंडालों एवं हाट-बाजार व सर्वजनीक जगहों में जाकर राजनांदगांव पुलिस द्वारा पोस्टर, बैनर तथा पाम्पलेट वितरण कर जागरूक किया जा रहा है।

# कमला कालेज में दीपक बैज ने किया रावण का वध

## न्यू सर्किट हाउस में शहर कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का किया अभिनंदन



राजनांदगांव (दावा)। बुराई पर अच्छाई की जीत, असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का पर्व संस्कारधानी में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय कमला कालेज मैदान में राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित रावण वध समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज 12 अक्टूबर शनिवार को दशहरा उत्सव मनाने राजनांदगांव शहर पहुंचे थे। सर्वप्रथम वे न्यू सर्किट हाउस बसंतपुर पहुंचे जहां पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा फुलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेसजनों से भेंट मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा व संगठनात्मक चर्चा की। जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शकील रिजवी एवं उनके पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात कमला कालेज मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव समिति समारोह में शिरकत की जहां पर जनसमुदाय को अभिवादन करते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने संस्कारधानीवासियों को दशहरा पर्व की बधाई देते हुए कहा कि बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो अच्छाई के सामने छोटी ही होती है, असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक का पर्व है विजयदशमी।

मेरी यही कामना है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश भयमुक्त हो, भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बने, बुराईयों का नाश हो, सर्वत्र शांति हो, सभी को समानता का अधिकार मिले। हम आज यह संकल्प लें कि हमारे अंदर बैठी अहंकार रूपी रावण का वध हो और मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी मन मंदिर में विराजे। तत्पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा अहंकार के प्रतीकात्मक स्वरूप दशानन रावण का वध किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री प्रभारी एवं प्रशासन संगठन मलकीत सिंह गेन्दू, कांग्रेस अल्पसंख्यक आयोग के प्रदेश अध्यक्ष अमिन मेनन ने संस्कारधानीवासियों को विजयादशमी पर्व शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम स्थल पर अखिल भारतीय युवक कांग्रेस के महासचिव कोको पाढ़ी ने उपस्थित जनसमुदाय को दशहरा पर्व की बधाई संदेश दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया, रूबी गरचा, अमित चंद्रवंशी, मनीष साहू पार्षद अशोक फडनवीस, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, योगेन्द्र प्रताप सिंह, अभिमन्यु मिश्रा, रमींदार भाटिया, बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नगर पंचायत और पंचायत चुनावों की तैयारी, सीएल मारकंडे नियुक्त प्रेक्षक

**मोहला-मानपुर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे सीएल मारकंडे, नगर पालिका और पंचायत चुनावों के लिए निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण पर जोर**

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नया रायपुर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे को जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी के नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली तैयार/पुनरीक्षण हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री मारकंडे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी एवं ग्राम पंचायतों के पंच/सरपंच जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत के सदस्य के लिए निर्वाचन संपन्न कराए जाने के लिए निर्वाचन नामावली तैयार पुनरीक्षित कराए जाने की तैयारी की जायजा लेंगे। निर्वाचन नामावली गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटि रहित तैयार किया जाए इसके संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे आयोग द्वारा जारी तय कार्यक्रम के अनुरूप उक्त कार्यक्रम संपादित किया जा सके। श्री मारकंडे आज 14 अक्टूबर को 11:00 बजे को जिला मुख्यालय मोहला में उपस्थित होंगे और 3:00 बजे तक वन विभाग की रेस्ट हाउस में रूकेंगे। अधिक जानकारी के लिए मो. 94255-40484 पर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# एमडी डॉ. निकिता जाम्बुलकर का चयन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान नागपुर में



डोंगरगढ़ (दावा)। सेवानृवित्त रेल कर्मचारी किशोर कुमार जाम्बुलकर की सुपुत्री एमडी डॉ. निकेता जाम्बुलकर (एमबीबीएस, एमडी इन रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) का चयन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान नागपुर में मेडिकल ऑन्कोलॉजी के लिए हुआ है। परिजनों व सामाजिकगणों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# युवक से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू व नकली पिस्तौल किया जब्त

## 15 दिवस पूर्व जेल से रिहा हुआ था आरोपी, फिर चढ़ा पुलिस के हत्थे



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने 15 दिन पूर्व जेल से रिहा हुए आरोपी को लूट की घटना के मामले में फिर से दबोच लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने धारदार चाकू व नकली पिस्टल की बरामदगी की है।

बसंतपुर पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में शहर में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर आदतन अपराधी तरूण पवार पिता राजू पवार उम्र 23 वर्ष निवासी नंदई चौक को धारदार नुकीला चाकू एवं नकली पिस्टल दिखाकर प्रार्थी बिशेलाल साहू से नगदी रकम 6000 रूपये एवं मोबाईल तथा मोटर सायकल की चाबी लुट लिया गया था। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना बसंतपुर में अपराध कायम कर विवेचना के दौरान आरोपी को थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के द्वारा गठित टीम किया गया और सहायक उप निरीक्षक जीवराज रावटे एवं पेट्रोलिंग बी-9 के द्वारा आरोपी तरूण पवार से घटना में उपयोग किये गये धारदार नुकीला चाकू एवं नकली पिस्टल को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात ज्यु. रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, सउनि जीवराज रावटे एवं पेट्रोलिग बी-9 की सराहनीय भूमिका रही।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल की बालिका बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता जीती




राजनांदगांव (दावा)। गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु समूह में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीता। फायनल में डी पी एस राजनांदगांव की टीम ने ज्योति निकेतन इंग्लिश मिडियम स्कूल केरल को 64-41 अंकों से परास्त किया। इसके पूर्व सेमीफाइनल मैच में एपेक्स स्कुल दिल्ली को 66-44 अंकों से क्वार्टर फाइनल मैच में राजनांदगांव की टीम ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ को 50-23 अंकों से, इसके अतिरिक्त लीग मैचेस में डीपीएस राजनांदगांव की टीम ने पहले लीग मैच में गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर को 26-01 अंकों से, सुगुना पीआईपी कोयंबटूर को 43-14 अंकों से, ज्योति निकेतन इंग्लिश मिडियम स्कूल केरल को 37-28 अंकों से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम की और से नताशा प्रजापति, अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, आर्या विजय अवारे, इशा सिंह, भावना बैरवा, अंकिता गुप्ता, नंदनी, आयुषी पटेल, अक्षदा इंगलेकर, एवं उत्तरा विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की नताशा प्रजापति को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। टीम के कोच कालवा राजेश्वर राव, कालवा राधा राव सहायक कोच बबिता तिग्गा थे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका बास्केटबॉल टीम एस जी एफ आई द्वारा आयोजित स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर गई है।





dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में

रोजाना 4 खेलों में

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि

वेट्टैयन द हंटर

कलाकार - रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, राणा दग्गूबाती, फहद फासिल आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show SILVER SCREEN MULTIPLEX

12th OCT to 17th OCT 2024

silver SCREEN





Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm

Jigra (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 & 09:00 pm

Vettaiyan (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


# महादेव ऐप के एजेंटों ने पुलिस से बचने का भी ढूंढ निकाला तरीका, ऐसे चल रहा ऑनलाइन सट्टेबाजी का शातिर खेल


रायपुर। दुबई में महादेव बुक सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की भले ही गिरफ्तारी हो गई हो, लेकिन उसका काला कारोबार अब भी बेधड़क देश-विदेश में चल रहा है।

शातिर सट्टेबाजों ने पुलिस व जांच एजेंसी की नजरों से बचने अब विदेशी नंबरों से सट्टेबाजी का खेल संचालित करना शुरू किया है, ताकि आसानी से उनकी पहचान न हो पाए। महादेव बुक का हेल्पलाइन नंबर भी अब विदेशी हो गया है। एक सूत्र का दावा है कि एप की ऑनलाइन आईडी अब पैनल ऑपरेटरों को लोटस 365 से दी जा रही है। इसमें विदेशी नंबरों का इस्तेमाल किया जा रहा है,

हालांकि लोटस 365 महादेव बुक से जुड़ा हुआ है, लेकिन दिखावे के तौर पर इसके प्रमोटर जरूर अलग है। महादेव बुक के एजेंट रायपुर, दुर्ग-भिलाई के अलावा बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, राजनांदगांव, कवर्धा समेत अन्य जिलों में अभी भी काम कर रहे। महाराष्ट्र, दिल्ली में बैठे पैनल ऑपरेटर ही इन एजेंटों को दो से पांच लाख रुपये में विदेशी नंबरों से ऑनलाइन आईडी देने का काम कर रहे है।

### वाट्सएप पर दी जा रही आईडी

जानकार सूत्रों ने बताया कि बेटिंग एप से जुड़े शातिर सट्टेबाज वाट्सएप के लिए अब विदेशी नंबर से एजेंटों से संपर्क कर इसी से लोटस 365 की आईडी बांटने का काम कर रहे है। ईडी की जांच में भी इसका राजफास हो चुका है। महादेव बुक से जुड़े एजेंट रायपुर ही नहीं प्रदेशभर में सक्रिय है। गौरतलब है कि महादेवबुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की यूएई में गिरफ्तारी और पार्टनर रवि उप्पल को नजरबंद करने के बाद शुभम सोनी की भी तलाश की जा रही है। तीनों के खिलाफ ईडी और ईओडब्ल्यू में अपराध दर्ज है, जबकि दर्जनभर से अधिक आरोपित रायपुर जेल में बंद है।

### पुराने एजेंट बांट रहे पैनल

पुलिस अफसरों ने बताया कि पुख्ता जानकारी मिली है कि लोटस 365 से जुड़े सटोरिए महादेव सट्टा एप के पुराने एजेंटों के जरिए आईडी बांट रहे हैं। हालांकि, रायपुर, दुर्ग के रहने वाले ज्यादातर बड़े पैनल ऑपरेटर पुलिस की गिरफ्त से बचने आसपास के राज्यों में बैठकर यह काम कर रहे है, क्योंकि पहले ये पकड़े जा चुके हैं।


**किराये से देना है**

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007


# केंद्र ने राष्ट्रपति शासन हटाने का ऐलान किया, नए सीएम की नियुक्ति पर बदलेगा निजाम

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटाने की घोषणा की। इस फैसले के बाद प्रदेश में नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। रविवार देर रात गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के संबंध में 31 अक्टूबर, 2019 को जारी आदेश तुरंत निरस्त हो जाएगा।

बयान के मुताबिक जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 के तहत मुख्यमंत्री की नियुक्ति से पहले ही नए नियम प्रभावी हो जाएंगे।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बहुमत किसके पास?

बता दें कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी नेशनल कॉन्फ्रेंस (हृष्ट) और सहयोगी पार्टियां मिलकर सरकार बना रही हैं। उन्होंने उपराज्यपाल के पास जाकर विधायकों के समर्थन का पत्र सौंप दिया है। राजभवन की तरफ से उन्हें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# दशहरा उत्सव में रामजी की निकली सवारी, हनुमान चालीसा की गूंज

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व की दशमी तिथि को शहर सहित समूचे अंचल भर में विजयादशमी पर्व की धूम रही। संस्कारधानी नगरी नांदगांव में तो लगभग आधे दर्जन स्थान पर धूमधाम के साथ हुए रावण वध कार्यक्रम में रंगीन आतिशबाजियों से लेकर बाहर से बुलाए कलाकारों का जमकर जलवा बिखरा वहीं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में अहंकार के प्रतीक रावण को जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान धूं- धूं कर जल रहे रावण पुतले से दनादन उठने वाली फटाके की आवाज से लोग खासे आनंदित हुए और रंगबिरंगी रौशनियों के साथ हुई मनमोहक आतिशबाजियां तथा आकाश में उनकी कलाबाजियां देखकर आनंदित हुए। विजयादशमी पर्व पर शहर के म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में हुए छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति के रावण वध कार्यक्रम से लेकर स्टेट स्कूल मैदान के राष्ट्रीय उत्सव समिति एवं कमला कालेज के राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति कार्यक्रम में लाखों के भीड़ उमड़ी और दशहरा उत्सव पर आयोजित एक से बढ़कर एक कार्यक्रम को देखकर जमकर आंनद उठाए। बता दें कि शहर में एक ही दिन आयोजित बहुत से रावण दहन कार्यक्रम देखने के लिए मानव मंदिर जयस्तंभ चौक से लेकर महावीर चौक नगर निगम के समीप लोगों की भारी

**○ रावण दहन देखने हजारों की संख्या में उपस्थित रहीं जनता**
**○ जापान, मलेशिया व कटक की रंग-बिरंगी आतिशबाजियों ने लोगों का मोहा मन**
**○ मुंबई के कलाकारों ने दिखाया अपनी कलाकारी का जलवा**



भीड़ देखी गई।शहर में इससे गहमागहमी का माहौल रहा। कई लोगों ने ओवर ब्रिज में चढ़कर दोनों ओर के रावण वध कार्यक्रम का आनंद लिया। पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहने से कहीं कोई अप्रिय घटना के समाचार नहीं है।

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट गायिका शनमुखा प्रिया ने अपने गीत-संगीत से जमकर जलवा बिखेरा। मुंबई से आए आर्केस्ट्रा टीम ने उनका भरपूर साथ देते हुए राम जी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी... सुप्रसिद्ध गीत सुनाकर दर्शकों से जमकर तालियां बटोरी। लोकप्रिय गायिका शनमुखा प्रिया के एक से बढ़कर एक धार्मिक गाने की धुन में मुख्य अतिथि डॉ. रमन.सिंह अपने आप को तालियां बजाने से रोक नहीं सके। भाजपा के युवा नेता सौरभ कोठारी के द्वारा संयोजित रावण दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के सांसद संतोष पाण्डे ने की। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल संतोष अग्रवाल, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा महामंत्री भरत वर्मा, कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, राजा माखीजा, राजेश श्यामकर आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

शहर के स्टेट स्कूल मैदान में राष्ट्रीय उत्सव समिति के रावण दहन कार्यक्रम में भी मुंबई की जापानी टेक्नोलॉजी वाली आतिशबाजी ने जमकर जलवा बिखेरा। राष्ट्रीय उत्सव समिति के तथागत पांडे द्वारा संयोजित रावण दहन के कार्यक्रम में डॉ. रमन सिंह भी विशेष रुप से मौजूद रहे। इसके अलावा शहर की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख समाज सेवी श्रीमती शारदा तिवारी के अलावा डीआईजी, कलेक्टर, एसपी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उद्योगपति व समाजसेवियों की उपस्थिति बनी रही। यहां धूं-धूं कर रावण दहन के पश्चात दिल्ली की सुप्रसिद्ध साधो दी बैंड की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। खासकर जय श्री राम, राजाराम,, व हजारों लोगों के साथ एक साथ हनुमान चालीसा के गायन ने संस्कार धानी में विश्व रिकॉर्ड बना दिया।

बता दें कि शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में कमला कालेज मैदान के राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति की भी धूम रही। यहां विशाल काय रावण कि दहन किया गया। जिसे देखने बड़ी संख्या में भीड़ उपस्थित रहीं। यहां म्यूजिक माफिया डीजे बैंड की प्रस्तुति ने सबको अपने गीत - संगीत से सराबोर किया। रुबी गरचा व साथियों द्वारा संयोजित रावण दहन कार्यक्रम में लोगों को रंग बिरंगी आतिशबाजियों का खेल देखने को मिला। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में लोगों की अच्छी- खासी भीड़ रही।

इसी तरह कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति गौरी नगर में अहमद रजा ताहिर की रंगीन आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बना रहा। अध्यक्ष हाफिज खान द्वारा संयोजित रावण दहन कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों सहित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को देखने लोगों की खासी भीड़ रही। शहर के लेबर कालोनी में नव दुर्गा महिला समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में 30 फीट रावण का दहन किया गया। इसी तरह लखोली स्कूल मैदान में युवा संगठन द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में रंगीन आतिशबाजियों के साथ लोगों के मनोरंजनार्थ रंगारंग छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन के संतोष निर्मलकर ने बताया कि कार्यक्रम देखने लोगों की भारी भीड़ उपस्थित रहीं।

## गणेश हनुमान मंदिर में श्रीराम जानकी विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा



राजनंदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर नवरात्र पर्व के अवसर पर आस्था का केंद्र बना रहा। पूज्य श्री मोनी बाबा के संरक्षण में श्री मिथिला धाम मंदिर में महिला मंडल के द्वारा लगातार 10 दिनों तक श्री रामायण पाठ किया गया पुरुषों की मंडली द्वारा श्री राम नाम संकीर्तन एवं संध्या काल भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया।

**श्री मिथिला धाम में शतचंडी यज्ञ संपन्न**

इस अवसर पर ब्रह्मचारी फूल बाबा एवं साध्वी मांडवी दीदी का धार्मिक प्रवचन भी किया गया। श्री दुर्गा मूर्ति के सम्मक्ष शत चंडी यज्ञ किया गया जिसका समापन पूज्य गुरुदेव मोनी बाबा के द्वारा 12 अक्टूबर को सुबह संपन्न हुआ। नवरात्र पर्व के 10 दिनों में श्री गणेश हनुमान मंदिर संपूर्ण रूप से आस्था का केंद्र बन गया था। इस अवसर पर बमलेश्वरी पद यात्रियों के लिए मोनी बाबा का भंडारा का आयोजन भी किया गया इसके अलावा शतचंडी यज्ञ के समापन पर खीर, पुरी और भजिया का एक बड़ा भंडारा भी संपन्न हुआ। आज 13 तारीख के सुबह मोनी बाबा, बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुए। मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर में अगला बड़ा कार्यक्रम अगहन शुक्ल पंचमी में श्रीराम जानकी विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। मंदिर समिति के अशोक चौधरी ने उक्त जानकरी दी।

## मोदी ने भारत मंडपम में पीएम गतिशक्ति अनुभूति केंद्र का किया दौरा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के प्रगति मैदान के भारत मण्डपम में पीएम गति शक्ति के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय वृहद योजना मल्टीमॉडल परिवहन एवं यातायात क्षेत्र की परियोजनाओं के नियोजन और क्रियान्वयन के लिए एक नई पहल है ,जिसमें सभी संबंधित विभाग पूरे आंकड़ों के साथ परियोजनाओं का निर्धारण और क्रियान्वयन करते हैं इससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है।



प्रधानमंत्री मोदी ने तीन साल पहले आज ही के दिन पीएम गतिशक्ति पहला लागू करने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री ने इसकी तीसरी वर्षगांठ पर आज भारत मंडपम में स्थापित पीएम गतिशक्ति अनुभव केंद्र का दौरा किया जिसमें इस पहल के बाद तमाम पर यह परियोजनाओं के नियोजन और क्रियान्वयन की झांकियां प्रस्तुत की गई हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय की विज्ञप्ति में कहा गया है किअनुभूति केंद्र पीएम गतिशक्ति की प्रमुख विशेषताओं, उपलब्धियों और मील के पत्थर को प्रदर्शित करता है।

सरकार का कहना है कि श्री मोदी ने पीएम गतिशक्ति के प्रभाव के कारण देश भर में परियोजनाओं की योजना और कार्यान्वयन में हुई प्रगति की सराहना की। उन्होंने सभी क्षेत्रों में इसे अपनाने की सराहना की, जिससे विकसित भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने में गति मिल रही है।प्रधानमंत्री गतिशक्ति प्रणाली के तहत अब तक 15.39 लाख करोड़ की 200 से अधिक परियोजनाओं का नियोजन और क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अवधारणा को अब जिला स्तर पर ले जाने के लिए औद्योगिक एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईटी) पायलट परियोजनाएं शुरू कर रहा है। नेपाल और श्रीलंका ने भी प्रधानमंत्री गतिशक्ति एप्लीकेशन के उपयोग के लिए भारत सरकार के साथ करार किए हैं।

## 31 नहीं मुठभेड़ में मारे गए 35 नक्सली, पूर्व बस्तर डिविजनल कमेटी ने जारी की सूची

दंतेवाड़ा । दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के सीमा पर थुलथुली गांव में चार अक्तूबर को हुई मुठभेड़ को लेकर नक्सलियों ने सूची जारी की है जिसमें 35 माओवादियों के मारे जाने की जानकारी दी है। दरअसल चार अक्तूबर को हुई मुठभेड़ के बाद 31 नक्सलियों के शव बरामद किए गए थे। भारी मात्रा में आधुनिक हथियार और नक्सलियों का सामान भी बरामद हुआ था, उसी मुठभेड़ को लेकर नक्सलियों ने आज सूची जारी करके 35 माओवादियों के मारे जाने की जानकारी दी है।

पुलिस अधिकारियों ने नारायणपुर और दंतेवाडा जिले की सीमा पर नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया था। मौके से बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए थे।

### नक्सलियों के लिए सुरक्षित स्थान

दंतेवाड़ा रेंज के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि यह क्षेत्र सभी नक्सलियों के लिए सुरक्षित स्थान माना जाता है। नक्सलियों के बारे में सूचना मिलने पर चार दिन पहले इस ऑपरेशन की योजना बनाई गई थी। भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। कंपनी छह मुख्य रूप से इस क्षेत्र में सक्रिय है और उनकी संख्या 100-150 है।

## बालाघाट में सीआपीएफ वाहन पलटाः नक्सलियों की सर्चिंग में निकला छत्तीसगढ़ का जवान शहीद, 4 घायल

बालाघाट। मध्य प्रदेश के बालाघाट में सीआरपीएफ के 5 जवान हादसे के शिकार हो गए। उनका वाहन पेड़ से टकराकर खाई में गिर गया। हादसे में एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। घायल जवानों को महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाहन चालक फरार है।



पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह ने बताया, एक्सीडेंट रविवार सुबह 7.30 बजे पाथरी से सुंदरवाही के बीच कुदान गांव के पास हुआ है। सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआपीएफ) जवान नक्सलियों की सर्चिंग के लिए निकले थे। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने घायल जवानों को बिरसा अस्पताल पहुंचाया। जहां से गोंदिया रेफर कर दिया है।

### सीआपीएफ जवान तारकेश्वर की मौत

बालाघाट के बिरसा थाना में हुए एक्सीडेंट में छत्तीसगढ़ के धमतरी निवासी 7वीं बटालियन के सीआपीएफ जवान तारकेश्वर (22) की मौत हो गई है। जबकि, निरीक्षक उमेश, सहायक उप निरीक्षक यदुनंदन पासवान, एएसआई बिरजू दास और आरक्षक राकेश यादव घायल हैं। उन्हें गोंदिया रेफर किया गया है।

### मछुरदा चौकी में तैनात है सीआपीएफ की कंपनी

पुलिस के मुताबिक, सीआरपीएफ की 7वीं डी कंपनी 4 बिरसा थाना के मछुरदा पुलिस चौकी में तैनात है। कंपनी के 5 जवान रविवार सुबह नक्सलियों की सर्चिंग में निकले थे, लेकिन कुछ दूर चलने के बाद उनका बोलेरो वाहन (एमपी 50 सी 9448) में पेड़ से टकराकर खाईं में पलट गया।

## रक्षित केन्द्र में आईजी एवं एसपी ने विजयादशमी पर्व पर की शस्त्रों की पूजा



राजनांदगांव (दावा)। कल विजयदशमी पर्व के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजनांदगांव पुलिस लाईन-शस्त्रागार में प्रात 10 बजे पूरे विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्रों की पूजा अर्चना आईजी राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा एवं एसपी मोहित गर्ग द्वारा किया गया। शस्त्र पूजा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, उप पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह सिसोदिया, उपपुलिस अधीक्षक ऑप्स अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर एवं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, तुमड़ीबोड़, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर व रक्षित केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी, पूजा में शामिल हुए और किसी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग न करने तथा असहाय आम जनों की रक्षा करने का संकल्प राजनांदगांव पुलिस द्वारा लिया गया। उपस्थित स्टाफ को प्रसाद का वितरण किया गया। इसके अलावा जिले के समस्त थाना/चौकी/कैम्पों में भी शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारियों ने स्टाफ की मौजूदगी में शस्त्रपूजन किया।

## हाथ में झाड़ू लेकर चिखली पहुंचे पार्षद राजेश गुप्ता, महापौर के वार्ड में चलाया सफाई जागरूकता अभियान

**पार्षद का स्वच्छता ही सेवा अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जारी**



राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा नगर वार्ड नंबर 41 के पार्षद एवं पूर्व महापौर परिषद के विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के चेयरमेन, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी/एसटी विभाग, कांग्रेस लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बिंद्रा नवागढ़ एवं डोंगरगढ़ प्रभारी राजेश गुप्ता चंपू इन दिनों अपने द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के कार्यों के चलते चर्चा में है। क्षेत्रीय पार्षद राजेश गुप्ता चंपू साफ-सफाई को लेकर इतना संवेदनशील है कि वे हाथ में झाड़ू लेकर स्वयं के वार्ड की सफाई कर रहे हैं। उसके अलावा वे शहर के अन्य वार्डो में भी लोगों के बीच पहुंचकर स्वयं की द्वारा गठित स्वच्छता टीम के माध्यम से सफाई व्यवस्था संभाले हुए हैं और इसी क्रम में 10 अक्टुबर दिन गुरुवार को नवरात्रि के महाअष्टमी तिथि के पावन पर्व को पार्षद राजेश गुप्ता चंपू का स्वच्छता ही सेवा अभियान की टीम महापौर के वार्ड चिखली वार्ड पहुंचकर चांदनी चौक पर स्थित नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति, सरस्वती उत्सव समिति प्यारेलाल चौक, श्री शीतला माता मंदिर, मां शारदा पूजा उत्सव समिति ठाकुर देव चौक, जय मां दुर्गा उत्सव समिति, मां सरस्वती उत्सव समिति एवं जय मां शारदा शीतला माता मंदिर पहुंच मार्ग पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया।

गौरतलब हो कि इस सफाई व्यवस्था अभियान में स्वच्छता कर्मियों के बीच राजेश गुप्ता चंपू स्वंय हाथ में झाड़ू लिए बिना कुछ कहे, अपना परिचय दिए बिना ही क्षेत्र के आसपास जहां गंदगी और साफ-सफाई का अभाव होता है, वहां पर लोगों से बीना कुछ कहे हाथ में झाड़ू लिए कठिन परिश्रम करते नजर आते हैं।जब लोगों को मालूम पड़ता है कि यह जो व्यक्ति हमारे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को ठीक करने में जूटा इंसान कोई सफाई कामगार नहीं यह तो इंदिरा नगर का पार्षद राजेश गुप्ता चंपू है तो जनमानस अपना संकोच छोड़ पार्षद राजेश गुप्ता के साथ सफाई व्यवस्था में जी जान से जूट जातें हैं जो कि तारीफें काबिल होती।

## शिक्षक हुआ ठगी का शिकार, ठग ने डरा धमकाकर वसूले 40 हजार रुपए

डोंगरगढ़(दावा)। प्राइवेट स्कूल में कार्यरत शिक्षक बीते दिवस ठगी का शिकार हो गया। उसे फोन कर इतना अधिक डराया धमकाया गया मीडिया और पुलिस का डर दिखाकर ठग ने उससे चालीस हजार रुपये लूट लिये गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी राधिका नगर निवासी जितेंद्र गोमास्ता को 10 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे फर्जी कॉल आया। जिसमें लक्ष्मी बागड़ी से बात करने की बात कही गई। जब जितेंद्र ने कहा कि यह उनका नंबर नहीं है और ना ही वे किसी लक्ष्मी बागड़ी को जानते हैं तो कॉल करने वाले ने उन्हें कहा कि इस मोबाइल नंबर वाले ने मध्यप्रदेश में मर्डर किया है और क्राइम ब्रांच में काम करना बताते हुए कहा कि आपको पकडने निकल चुके हैं। फोन चालू रखना कहकर बहुत देर तक डराने धमकाने के बाद मामले को दबाने व पुलिस चार्जशीट से नाम हटाने के लिए पैसे की मांग करने लगे। जब राशि नहीं दी गई तो मीडिया का डर दिखाकर बड़ी राशि की मांग की गई।

प्रार्थी ने गूगल पे से धीरे-धीरे कर लगभग 40 हजार 536 रुपए किसी अतुल कुमार मार्को के खाते में भेज दिए। यह वह खाता था जिसका स्कैनर आरोपी दीपक शर्मा व महेश कुमार ने दिया था।

इसके बाद आरोपी और पैसे की मांग करने लगे जब जितेंद्र के अकाउंट में पैसा खत्म हो गया तब उन्होंने यह बात अपने परिजनों को बताई और तत्काल पुलिस प्रशासन से संपर्क कर थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। टीआई जितेंद्र वर्मा ने बताया कि ट्रूकॉलर में यह नंबर फर्जी बता रहा है। इस तरह पढ़े-लिखे लोग क्यों झूठी काल पर अपनी गाढी कमाई ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसा कॉल आते साथ उन्हें पुलिस से संपर्क करना चाहिए।

**फर्जी कॉल से सावधान रहे आमजन - टीआई जितेंद्र वर्मा**

जितेंद्र ने बताया कि कुछ महीने पहले दुर्ग राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के खाते से उसने अपने एसबीआई अकाउंट में दस हजार रुपये ट्रांसफर किए थे जो उसके खाते में ना जाकर किसी लक्ष्मी बागड़ी के खाते में चले गए जितेंद्र ने घबराकर गूगल पे ऑफिस में कॉल किया और बैंक में संपर्क करने पर पता चला कि उनका मोबाइल नंबर किसी लक्ष्मी बागडी के अकाउंट पर भी ऐड है जो मध्यप्रदेश के किसी शहर या गांव की रहने वाली या रहने वाला था। ब्रांच ने जितेंद्र को अपना मोबाइल नंबर बदलने कहा तो उसने सभी बैंकों में अपना नंबर बदलवा लिया उसके बाद सभी अकाउंट सही चलते रहे। फिर अचानक 10 अक्टूबर को घटना घटी जिससे जितेंद्र मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। उसकी अब तक की जमा पूंजी फर्जी फोन करने वालों ने ठग ली है।

थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने कहा कि जन सामान्य को इस तरह की कॉल अटेंड नहीं करनी चाहिए और कॉल आते ही पुलिस से संपर्क करना चाहिए तभी इस तरह की ठगी से बचा जा सकता है। पुलिस के अनुसार इस तरह की घटनाएं प्रतिदिन हो रही हैं। आए दिन फेसबुक में फर्जी फर्जी अकाउंट बनाकर पैसे की मांग की जा रही है।

अनजाने में कई लोग शिकार हो रहे हैं। इस तरह की कॉल आने पर बिना संबंधित व्यक्ति से बातचीत किए कोई भी व्यक्ति अपने अकाउंट से पैसा ट्रांसफर ना करें तभी अपराध रुक सकते हैं। उन्होंने नागरिकों को जागरूक रहने की सलाह दी है।

## छत्तीसगढ़ में मानसून की विदाई के बाद बदलेगा मौसम का मिजाज, ठंडी हवाओं से गिरेगा तापमान



रायपुर। छत्तीसगढ़ में मानसून की गतिविधियों में अब कमी देखने को मिल रही है। वहीं, मौसम विज्ञानियों के अनुसार मानसून की विदाई के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है और अगले दो दिनों में मानसून की वापसी शुरू होगी। इसके बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना जताई जा रही है।

दरअसल, मानसून की वापसी के बाद उत्तर की ओर से ठंडी हवाओं का आगमन शुरू हो जाएगा। हालांकि प्रदेश के सरगुजा संभाग में दिन और रात के समय में तापमान में गिरावट और गुलाबी ठंड की शुरूआत हो चुकी है। वहीं, रविवार को राजधानी में मौसम साफ रहेगा, जबकि प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

जबकि शनिवार को प्रदेश में मानसून की गतिविधियां सामान्य रहीं, एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा बीजापुर जिले के गंगालूर में आठ सेमी दर्ज की गई। वहीं, प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस रायपुर में, जबकि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

### बन रहा सिस्टम

दक्षिण पश्चिमी मानसून की प्रदेश के कुछ हिस्सों से वापसी हुई है। अगले दो दिनों में प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। लेकिन इससे पूर्व एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

### अधिकतम तापमान उतार चढ़ाव भरा

मौसम विभाग के पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के बताते हैं, कि औसत अधिकतम तापमान से वर्तमान में उतार चढ़ाव भरा रहेगा। यह दुर्ग में सामान्य औसत से 0.1 डिग्री और राजनांदगांव में सामान्य औसत से 0.7 डिग्री कम रहेगा। वहीं, अंबिकापुर में यह सामान्य से 3.1 डिग्री, रायपुर व जगदलपुर में 2.8 डिग्री, पेंड्रा रोड में 0.9 डिग्री और बिलासपुर में 0.2 डिग्री सेल्सियस तक सामान्य औसत से अधिक रहेगा।

### न्यूनतम तापमान सभी जगह सामान्य से अधिक

इसके अलावा न्यूनतम तापमान प्रदेश के सभी हिस्सों में सामान्य औसत से अधिक है। यह बिलासपुर में 2.8 डिग्री, रायपुर में 2.5 डिग्री, जगदलपुर में 2.2 डिग्री, दुर्ग में 0.5 डिग्री, पेंड्रा रोड में 0.2 डिग्री और अंबिकापुर में सामान्य औसत से 0.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

## अनमोल दावा

**हम सब में समान प्रतिभा नहीं है। लेकिन हम सब के लिए समान अवसर है, हमारी प्रतिभा को विकसित करने के लिए।**

# खतरे में बांग्लादेशी हिंदू, अभी भी सामान्य नहीं स्थितियां

बांग्लादेश पर दबाव बनाने के लिए आवश्यक हो तो भारत को अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सहयोग और समर्थन लेना चाहिए। यदि मोहम्मद यूनुस सरकार के ढुलमुल रवैये के चलते बांग्लादेश में कट्टरपंथी और जिहादी तत्व बेलगाम होते हैं तो इसके दुष्परिणाम केवल वहां के हिंदुओं को ही नहीं भुगतने पड़ेंगे बल्कि इन तत्वों के कारण भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा होगा।

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडालों पर हमलों की घटनाएं यही बताती हैं कि वहां अंतरिम सरकार के गठन के दो माह बाद भी स्थितियां सामान्य होने का नाम नहीं ले रही हैं। यह निराशाजनक है कि नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर लगाम लगाने में बुरी तरह नाकाम है। यह नाकामी इसलिए अधिक चिंतित करती है, क्योंकि अंतरिम सरकार कट्टरपंथी संगठनों की ओर से हिंदुओं को धमकाने और उनके पूजा स्थलों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं से भली तरह अवगत है।

अब इस नतीजे पर पहुंचने के पर्याप्त कारण हैं कि मोहम्मद यूनुस की सरकार कट्टरपंथी संगठनों पर लगाम लगाने की इच्छुक ही नहीं। ऐसे नतीजे पर पहुंचने का एक बड़ा कारण यह है कि मोहम्मद यूनुस ने सत्ता संभालते ही एक ओर जहां अतिवादी संगठनों को पाबंदियों से मुक्त करना शुरू कर दिया, वहीं दूसरी ओर कई घोषित आतंकियों को जेल से रिहा करना भी प्रारंभ कर दिया। वास्तव में इसी कारण इस्लामिक कट्टरपंथियों का दुस्साहस इतना बढ़ा कि वे हिंदू मंदिरों में जाकर जिहादी तराने गाने लगे। बांग्लादेश सरकार के रवैये को देखते हुए भारत के लिए केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि वह इस पड़ोसी देश में हिंदुओं के समक्ष उभरे खतरे को अस्वीकार्य बताए। आवश्यकता इसकी भी है कि वह बांग्लादेश पर इसके लिए दबाव बनाए कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

बांग्लादेश पर दबाव बनाने के लिए आवश्यक हो तो भारत को अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सहयोग और समर्थन लेना चाहिए। यदि मोहम्मद यूनुस सरकार के ढुलमुल रवैये के चलते बांग्लादेश में कट्टरपंथी और जिहादी तत्व बेलगाम होते हैं तो इसके दुष्परिणाम केवल वहां के हिंदुओं को ही नहीं भुगतने पड़ेंगे, बल्कि इन तत्वों के कारण भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा होगा। यह देखना दयनीय है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न का सिलसिला कायम रहने पर भारत सरकार और हिंदू संगठन तो चिंता व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन विरोधी राजनीतिक दल मौन साधे हुए हैं।

ऐसे में विजयदश्मी पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस कथन पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना समय की मांग है कि हिंदुओं को बांटने और भारत को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। उनके अनुसार यह कोशिश इसलिए भी हो रही है ताकि भारत की प्रगति को रोका जा सके। हिंदू समाज की एकता को तोड़ने के लिए जो विभाजनकारी राजनीति हो रही है, उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। यह विभाजनकारी राजनीति खुद को सेक्युलर बताने वाले दल ही अधिक कर रहे हैं। क्या इससे शर्मनाक और कुछ हो सकता है कि ऐसे दलों के नेता उन हिंदू संगठनों पर तंज कस रहे हैं, जो बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। इससे यही पता चलता है कि अपने देश में सेक्युलरिज्म कितना विषैला और विकृत हो चुका है।

# हरियाणा : अब क्या होगा भूपेंद्र सिंह हुड्डा का सियासी भविष्य ?

**सत सिंह**

सात अक्टूबर की शाम हरियाणा की राजनीति में एक बार फिर हलचल मच गई थी. सिर्फ आम जनता ही नहीं बल्कि राज्य के आला अधिकारी और ब्यूरोक्रेसी के सीनियर अधिकारी भी यह मानने लगे थे कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सत्ता में वापसी लगभग तय है. रोहतक में उनके निवास पर समर्थकों का जमावड़ा शुरू हो गया था, जैसे कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दिनों में हुआ करता था.वहीं, दूसरी ओर भाजपा के स्टेट ऑफिस में सन्नाटा पसरा हुआ था और कांग्रेस की जीत की चर्चाएं हर ओर हो रही थीं. आठ अक्टूबर की सुबह का माहौल कांग्रेस के पक्ष में नजर आ रहा था. हुड्डा के रोहतक स्थित आवास पर राष्ट्रीय चैनलों के रिपोर्टर और समर्थक बड़ी संख्या में जमा हो गए थे. कांग्रेस के चुनावी कार्यालय, जन्नत बैंक्वेट हॉल में बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीन पर चुनावी नतीजे देखे जा रहे थे और समर्थक जश्न की तैयारी कर रहे थे.आठ अक्टूबर, सुबह 9 बजे तक, हुड्डा के घर पर समर्थकों और मीडिया की भारी भीड़ थी.

मतगणना के साथ-साथ कांग्रेस समर्थकों का उत्साह बढ़ता गया और हुड्डा ने मीडिया से बातचीत में कहा, कांग्रेस बहुमत का आंकड़ा पार करेगी. चुनाव आयोग की वेबसाइट पर डेटा अपलोड में हो रही देरी से भाजपा को बढ़त मिलती दिख रही है, लेकिन स्थिति जल्द ही हमारे पक्ष में बदल जाएगी.

हालांकि, जैसे-जैसे दिन बीतता गया, कांग्रेस की उम्मीदें धूमिल होती गईं. भाजपा की बढ़त लगातार बढ़ती रही, और शाम तक कांग्रेस को अप्रत्याशित परिणामों का सामना करना पड़ा.भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने स्वीकार किया कि परिणाम अप्रत्याशित हैं. न केवल कांग्रेस बल्कि भाजपा भी इन परिणामों से अचंभित है कि उन्हें बहुमत कैसे मिल गया.इस पूरे घटनाक्रम के दौरान हुड्डा के बेटे और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, जो कांग्रेस की जीत का दावा कर रहे थे, कहीं नज़र नहीं आए.परिणाम के दिन उनकी अनुपस्थिति ने कई सवाल उठाए. हालांकि चुनावी रणनीति में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा.



अब यह सवाल उठता है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा का भविष्य क्या होगा?पॉलिटिक्स ऑफ चौधर के लेखक, डॉ. सतीश त्यागी, मानते हैं कि 77 वर्षीय भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इसे अपना अंतिम चुनाव बताया था.कांग्रेस के पास अब 37 विधायक हैं, जो विधानसभा में विपक्ष की आवाज उठाएंगे. ऐसे में संभव है कि हुड्डा नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी किसी और को सौंप दें और खुद पार्टी के भीतर एक शक्ति केंद्र के रूप में अपनी भूमिका निभाएं

डॉ. त्यागी कहते हैं, पांच साल का समय लंबा होता है और यह कहना कठिन है कि हुड्डा से फिर से कोई चमत्कार की उम्मीद की जा सकती है या नहीं.

लेकिन अब यह स्पष्ट है कि चौधर की कमान उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा को संभालनी होगी. दीपेंद्र को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन हासिल करना ज़रूरी होगा.यह देखना दिलचस्प होगा कि वरिष्ठ नेता उन्हें कितना महत्व देते हैं और उनकी राजनीतिक भूमिका किस दिशा में जाती है.सोशियोलॉजी के प्रोफेसर जितेंदर प्रसाद का मानना है कि भूपेंद्र हुड्डा का परिवार पिछले 100 साल से राजनीति में सक्रिय रहा है. उन्होंने राजनीति में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं.प्रसाद कहते हैं, भूपेंद्र हुड्डा की परिपक्वता और अनुभव उन्हें आज भी एक मजबूत नेता बनाते हैं.हालांकि, यह सच है कि भाजपा ने हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रच दिया है. कांग्रेस को अब भाजपा से मुकाबला करने के लिए नई रणनीति की जरूरत होगी.प्रसाद आगे कहते हैं, भूपेंद्र हुड्डा की उम्र और उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा की लोकप्रियता को देखते हुए अब चर्चा दीपेंद्र के राजनीतिक भविष्य पर ही केंद्रित होगी.समर्थक चाहते हैं कि दीपेंद्र को आगे बढ़ाया जाए. भूपेंद्र हुड्डा पहले ही मुख्यमंत्री, सांसद और नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं, लेकिन अब दीपेंद्र को आगे लाने की उम्मीद उनके समर्थकों में है.प्रसाद यह भी जोड़ते हैं कि आज की राजनीति में कमांड पॉलिटिक्स की बजाय डिमांड पॉलिटिक्स की जरूरत है.पहले नेता एक बार ड्राइंग रूम में बैठकर फैसला लेते थे और वह लागू कर दिया जाता था. लेकिन अब समय बदल गया है.

अब जनता की कई माँगें हैं और जो उन्हें पूरा करेगा, वही राजनीति में आगे बढ़ेगा. हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र को इस नए दौर की राजनीति में अपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाना होगा.प्रसाद का कहना है कि वंशवाद की राजनीति करने वाले कई घरानों का भविष्य आज खतरे में नजर आ रहा है. हरियाणा में देवी लाल परिवार के कई बड़े नेता चुनाव हार चुके हैं भजन लाल के पोते को भी हार का सामना करना पड़ा है. ऐसे में भूपेंद्र हुड्डा के लिए भी चुनौती होगी कि वह कैसे अपने दबदबे को कांग्रेस हाईकमान और किसानों के बीच बरकरार रख पाते हैं.कामरेड इंद्रजीत सिंह, जो रोहतक से सीपीएम की राजनीति करते हैं, मानते हैं कि अगर विधानसभा चुनावों में भी लोकसभा चुनावों की तरह इंडिया अलायंस का गठबंधन बना रहता और आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी जैसे दल भी साथ होते, तो कांग्रेस कुछ और सीटें जीत सकती थी.इंद्रजीत सिंह कहते हैं, हुड्डा जैसे वरिष्ठ नेता भी इस गठबंधन की ज़रूरत को ठीक से समझ नहीं पाए.

कांग्रेस का पक्ष मजबूत होने के बावजूद यह मौका हाथ से निकल गया. भाजपा को रोकने के लिए गठबंधन ज़रूरी था.इंद्रजीत सिंह आगे कहते हैं, भले ही हुड्डा सत्ता में नहीं हैं, लेकिन उनका राजनीतिक प्रभाव अब भी बरकरार है.कांग्रेस को मिली 37 सीटें हुड्डा की राजनीतिक पकड़ और नेतृत्व का ही परिणाम हैं. हरियाणा की राजनीति में उनका योगदान और प्रभाव आने वाले समय में भी महत्वपूर्ण रहेगा.भीम सुहाग की पावर पॉलिटिक्स इन हरियाणा किताब के अनुसार जाट ज्यादा समय तक पावर से दूर नहीं रह सकते.अगर उनको राजनितिक सत्ता से दूर रखा जायेगा तो वो लड़ेंगे-झगड़ेंगे लेकिन हरसंभव कोशिश करेंगे की वो सत्ता के नज़दीक रहें.अब यह देखना होगा कि जाट समुदाय, जिसने इस बार कांग्रेस को समर्थन दिया, अगले पांच सालों में भाजपा की ओर रुख करेगा या फिर भूपेंद्र हुड्डा के साथ बना रहेगा.दूसरी ओर, हुड्डा के विरोधी, जैसे कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला, भी कांग्रेस के भीतर उनके लिए चुनौती बने रहेंगे, खासकर तब, जब टिकट वितरण से लेकर चुनाव प्रचार तक हुड्डा का ही दबदबा रहा है. आखिरकार, भूपेंद्र सिंह हुड्डा का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वह हरियाणा की राजनीति में कितनी सक्रियता से भूमिका निभाते हैं और अपने बेटे दीपेंद्र को किस तरह आगे बढ़ाते हैं.

# मन में बसे हैं राम - 286 : रथ की ओर बढ़ते श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी से उर्मिला जी की विदाई भेंट

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

**विचार सरिता**



''रुक जाओ राम'' की पुकार लगाती हुई माता कौशल्या और माता सुमित्रा ने उनके पीछे चलने का प्रयत्न किया लेकिन न जाने किस प्रेरणा से वे अपने पग आगे न बढ़ा सकीं।

वे सब अभी कक्ष के द्वार से निकलकर रथ की ओर जाने के क्रम में कुछ ही कदम चल पाए थे कि अपने निज भवन की ओर से आती हुई उर्मिला जी दिखाई दीं। कुछ क्षणों के लिए श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी ठहर गए। मर्यादा का पालन करते हुए श्री राम एक पग आगे बढ़ गए और सीता जी तथा लक्ष्मण जी अपने स्थान पर रुके रहे। उर्मिला जी ने सीता जी तथा लक्ष्मण जी के चरण स्पर्श किए। लक्ष्मण जी ने उर्मिला जी से कहा, ''अब हम लोग वन प्रस्थान कर रहे हैं उर्मिले! भीतर कक्ष में पिता महाराज और माताएं हैं, उनका ध्यान रखना।''

सीता जी अपनी छोटी बहन से गले मिलीं। यह एक भावनात्मक क्षण है। उर्मिला जी का त्याग अप्रतिम है और सीता जी की अनुपस्थिति में उन्हें परिवार में भी और राज कार्यों में भी ज्येष्ठ बहू के स्थान पर अपनी भूमिका निभाना है। लक्ष्मण जी और उर्मिला जी दोनों ने अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखा है।

उर्मिला जी ने लक्ष्मण जी से आंखों ही आंखों में कहा, ''अपना ध्यान रखना प्रिय! आपके बिना ये 14 वर्ष मेरे लिए 14 कल्पों के समान दीर्घ हो जाएंगे।ज्येष्ठ जी और सीता दीदी की सेवा में कोई कसर न रखिएगा अन्यथा वे यही सोचेंगे कि उर्मिला की स्मृति में लक्ष्मण जी व्यथित हैं। उन्होंने साथ वन चलने का तो निश्चय तो कर लिया, लेकिन वन में अपने कर्तव्यों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।''

लक्ष्मण जी ने भी जैसे मौन संभाषण करते हुए कहा, ''अवश्य उर्मिला! मैं भी तुम्हारे बिना ये 14 वर्ष कैसे व्यतीत करूंगा, स्वयं नहीं जानता हूं। मैं राम भैया को अकेले नहीं छोड़ सकता था, इसलिए अयोध्या परिवार पर आई इस विपदा के निवारण में अपना योगदान करने के उद्देश्य से भैया और भाभी के साथ वन जा रहा हूं।''

उर्मिला की आंखों में आंसुओं की बूंदें झलक आतीं, उससे पूर्व लक्ष्मण जी ने उनसे एक वचन ले लिया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### रामराज का बाधक कौन?

म्युनिसिपल स्कूल के मंच पर,
दशहरा के दूसरे दिन,
व्यंग्य से मस्त मुस्कराता रावण को,
खड़े देख कर,
बानी बोल उठे भौचक होकर -
''रावण आप मरे नहीं?
आपको तो हम लोगों ने
फटाकों से मारा था।
आपके भीतर ढेर सारे।
घॉस-फूस और पैरा डाला था।''
रावण बानी के पास बैठकर,
फिर बोले हँस कर-
''आपको तो मालूम है यह किस्सा कि
एक जमाने में राक्षस का प्राण
तोते में रहता था।
तोते को मार देने पर
राक्षस अपने आप मरता था।
पर इस जमाने में
मैंने बताया था यहीं पिछली बार,
आज फिर कहता हूँ
कि रावण के प्राण की
शरण स्थली है अब भ्रष्टाचार।
पर आप लोग तो
लालच के भ्रष्टाचार को,
मारना तो दूर, उसे
जिलाए रखना चाहते हो।
उसी में अपना भौतिक सुख मानते हो।
तो भाई मेरे! लालच के भ्रष्टाचार को
जब आप तहेदिल से मारेंगे,
तो रावण भी अपने आप मर जाएगा।
और फिर राम-राज आएगा।''



**गिरीश बख्शी**

# कलयुगी अमृत का पान कर सदा के लिए सो गए आचार्य सरोज द्विवेदी

**आत्माराम कोशा "अमात्य"**



कलियुग में चाय को भले ही अमृत का दर्जा दिया गया है पर कला-साहित्य, धर्म-अध्यात्म, ज्योतिषीय, राजनीति, पत्रकारिता व धर-परिवार के आनंद के नशे को उक्त नशे से कम नहीं जाता। सुप्रसिद्ध ज्योतिषी, भागवताचार्य, पत्रकार एवं कवि साहित्यकार आचार्य पंडित सरोज द्विवेदी जी इस सब नशों के आदी रहे हैं। इस प्रसंगों पर उनका कलयुगी अमृत नामक लघु कथा संग्रह सन् 1978 में नई दिल्ली के पूर्वोदय प्रकाशन से प्रकाशित हुआ था। उस जमाने में लघु कथा की धूम हुआ करती थी। आचार्य द्विवेदी जी लघुकथा आंदोलन से जुड़ कर न केवल इसे न ई उंचाई दी, अनेक संस्था-संगठनों के वार्षिक अंकों एवं स्मारिकाओं के संपादक में अपना विशेष योगदान देते हुए नव लेखकों के लिए लघुकथा लेखन का मार्ग प्रशस्त किया।

इस दौरान द्विवेदी जी साहित्य की सभी विधा में सतत रूप से लेखन का कार्य करते रहे। इनकी रचनाएं नव- भारत टाइम्स (मुम्बई) सहित देश के अन्य पत्र - पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही। वहीं विशेष कर स्थानीय दैनिक सवेरा - संकेत में वे सर्वाधिक रुप से प्रकाशित होते रहे। उनका साप्ताहिक ज्योतिष कालम लोगों के बीच काफी सुपरिचित व लोकप्रिय रहा। श्री द्विवेदी जी कवि सम्मेलनों सहित विशेष कार्यक्रमों में मंच संचालन के लिए विशेष सधी, बंधी व कसी तथा सरल काव्य व संचालन के लिए जाने जाते रहे हैं। उनकी आकाशवाणी रायपुर से भी रचनाएं प्रसारित होते रही। रायपुर के काफी हाउस में इन कवि/साहित्यकारों का जमघट लगा करता था। साहित्यिक विषय में चर्चाएं हुआ करती थी।

सन् 2023 की 14 अक्टूबर का दिन ऐसा रहा कि उक्त कलियुगी अमृत के नशापान से वे सदा-सदा के लिए गहरी निद्रा में चले गए, आज उनकी यादें ही शेष रह गई है। साहित्य के क्षेत्र के अलावा धर्म-अध्यात्म, ज्योतिषी, राजनीति व पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना विशेष स्थान बनाए रखने वाले



**आज पुण्यतिथि पर विशेष**

आचार्य सरोज द्विवेदी संस्कार धानी नगरी के ध्रूव तारा माने जाते हैं उन्होंने मध्यप्रदेश के जमाने में तत्कालीन राजस्व मंत्री टुमन लाल जी के साथ मिलकर राजनीति के क्षेत्र में हाथ आजमाया, उस समय बाद में उर्जा मंत्री बने धनेश पाटिला राजनीतिक के क्षेत्र में संघर्षरत थे। आचार्य द्विवेदी को राजनीतिक रास नहीं आने पर पत्रकारिता भी की। इस बीच उनकी शिक्षकीय नौकरी से हाथ धो जाने उपरांत धर्म-अध्यात्म, ज्योतिष की ओर उन्मुख हुए। तुलसीपुर रोड व ममता नगर रोड स्थित उनका ज्योतिष कार्यालय एक प्रकार से कला/साहित्य व धर्म-अध्यात्म के क्षेत्र वालों का अड्डा हुआ करता था। वे अजात शत्रु थे। कोई भी उनके दरबार से निराश होकर नहीं जाते थे। मधुर संभाषी आचार्य द्विवेदी जी सबके चहेते हुआ करते थे।

**संभ्रांत परिवार में जन्म**

आचार्य सरोज द्विवेदी का जन्म राजनांदगांव के निकट ग्राम धुमका निवासी एक संभ्रांत परिवार में पिता गिरधारी दुबे व माता नर्मदा देवी के यहां 14 अगस्त सन् 1964 को हुआ।बचपने से ही कुशाग्र बुद्धि के बालक सरोज ने गांव में प्राइमरी ,मिडिल व हाई स्कूल की शिक्षा पूरी कर शहर के दिग्विजय कालेज में पढ़ाई करते हुए पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय - रायपुर से सन् 1978 में हिन्दी साहित्य में एम, ए की डिग्री ली और शिक्षकीय कार्य को अपनाया। इस दौरान साहित्य के क्षेत्र मे इनकी कविता, कहानियां लघुकथा, संस्मरण, रिपोर्ताज आदि लगातार आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित होते रहे। रायपुर के काफी हाउस में साहित्यकारों की जमघट लगती थी। हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत और छ्त्तीसगढ़ी में धर्म-दर्शन साहित्य व ज्योतिष पर लगभग ईक्कीस हजार पुस्तकों का अध्ययन करने वाले आचार्य श्री द्विवेदी जी ने कई वर्षो तक शिक्षकीय कार्य किया तत्पश्चात राजनीति व पत्रकारिता की ओर मुड़ गए। इससे इनको नौकरी से हाथ धोना पड़ा।

**भागवताचार्य की भूमिका**

15 वर्षों तक राजनीति से जुड़े रहे श्री द्विवेदी को यह सब रास नहीं आया और इससे वितृष्णा होते ही वे धर्म-अध्यात्म की ओर उन्मुख हो गए और श्रीमद भागवत प्रवचन कर्ता बन कर काफी यश अर्जित किया। श्री द्विवेदी अपने परम आराध्य भगवान श्री कृष्ण के ध्यान में रम कर सन् 1983 से 1993 तक बड़े - बड़े नगरों से लेकर ठेठ देहाती इलाकों में पहुंच कर लगभग 65 की संख्या में नौ-दिवसीय भागवत प्रवचन करते हुए एक श्रेष्ठ भागवत प्रवचन कर्ता के रूप में ख्याति अर्जित किया।

## लघुकथा


### नगर निगम से एक निवेदन



हमने अपने बचपन से यही देखा और समझा है कि सफाई की जवाबदारी नगर पालिका, नगर निगम आदि नागरिक संस्थाओं की ही है। तब से यह भाव मन मस्तिष्क में समाहित है कि गंदगी चाहे जो भी हो, उसे ठिकाने लगाने में हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। इस सभ्य समाज में वर्तमान परिवेश में यह जिम्मेदारी हमें स्वयं लेनी होगी कि मैं सड़क-नाली में वेस्ट मैटेरियल नही डालूँगा बल्कि उस नियत स्थान पर ही ठिकाने लगाऊंगा। नदियों को सभ्यता का केंद्र कहा जाता है और इसी के आसपास अनेक नगर फलते-फूलते हैं। हर शहरी क्षेत्र में जीवन दायिनी नदी का सहारा होता है, जिसकी बदौलत हम रोजमर्रा की दिनचर्या आसानी से कर पाते हैं। जिस जीवन दायिनी से हमें जल मिलता है, उसी जीवनदायिनी में हमारे घरों से निकला गंदा पानी नालियों के माध्यम से जाकर मिलता है। यह समस्या विकराल रूप ले रही है।

हमें अपने घर-द्वार को साफ सुथरा रखने, सफाई और झाडू के दौरान निकले वेस्ट कचरे को आसानी से खुली नाली में डालते समय तनिक भी संकोच नहीं होता। आज से चार दशक पूर्व पालिथिन, डिस्पोजल सामग्रियों आदि का चलन नही था। तब कच्ची नालियाँ और नाले होते थे और वेस्ट पानी का बहाव जीवनदायिनी तक पहुँचते तक कुछ हद तक शोधित हो जाता था। वर्तमान परिवेश में गली के रास्ते, सड़कें, नालियाँ आदि पक्की हो चुकी हैं, जिसमें हम ही गंदगी फैला रहे हैं। हालांकि कुछ हद तक स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता बढ़ी है। सड़कों पर मवेशियों का झुंड जैसे अपने मालिक के विरोध में क्रमिक हड़ताल पर बैठे हों, ऐसे जमे रहते हैं। जिनकी दशा देख हर किसी के मन में उनके पालकों के प्रति आक्रोश पैदा हो ही जाता है। सड़क दुर्घटना मे मवेशी घायल होते हैं और इंसान भी इनसे टकरा कर घायल हो रहे हैं।

नित्य निवेदन से शहर स्वच्छ कर डालें,
हम नियत स्थान पर ही कचरा डालें।
हो मेरी गाय मेरे पास
न हो दुर्घटना आस-पास।
सड़कें नाली हों साफ सुथरे,
स्वास्थ्य हमारी इसी से सुधरे।



**गजेंद्र बख्शी (अधिवक्ता)**
रिद्धि-सिद्धि कालोनी
राजनांदगांव, 9827184147

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिये शानदार रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। घर में नजदीकी संबंधियों का आगमन होगा और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद अवश्य लें और उनका मान-सम्मान व आदर करें।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य में फायदेमंद साबित होगी। आज काम जिस तरह चल रहे हैं, अभी उनमें किसी तरह का भी बदलाव लाने की कोशिश ना करें। शुभ रंग- लाल शुभ अंक- 3

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अचानक ही किसी मित्र से मुलाकात होगी और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज नकारात्मक सोच से बचने की कोशिश करें।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे नई ऊर्जा और स्फूर्ति महसूस करेंगे। कोई खास कार्य सिद्धि भी संभव है। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें। अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी से सलाह लेनी चाहिए। अपने अहम् पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज किसी से अनबन की स्थिति में अपने गुस्से पर काबू रखें। आज लंबी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक रहेगा। आप अपने आपको बढ़िया महसूस करेंगे।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आपके मन में किसी प्रकार का डर रहेगा लेकिन डरने की बात नहीं है यह आपकी ओवर थिन्किंग के कारण हो सकता है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर-एंड-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। ऑफिस में कुछ राजनीति जैसा माहौल रह सकता है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा। लवमेट के साथ घूमने का भी प्रोग्राम बनेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे।

# ज्योति कलश विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व का समापन






डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी मंदिर में 11 अक्टूबर को अष्टमी हवन के पश्चात 12 अक्टूबर को देवी मां के नाम से स्थापित ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। मां बम्लेश्वरी मंदिर में अष्टमी हवन व पूर्णाहुति 11 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 9 बजे ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर में एवं नीचे बम्लेश्वरी मंदिर व शीतला मंदिर में संध्या 7 बजे प्रारंभ किया गया।



ज्योति विसर्जन 12 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 4.00 बजे ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर में माई ज्योती का विसर्जन एवं संध्या 7 बजे से नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में प्रति वर्षानुसार तय मार्ग पर शोभायात्रा निकालकर महावीर तालाब में ज्योति विसर्जन किया गया। ऊपर मंदिर में 7 हजार 5 सौ 91, छोटी मंदिर में 9 सौ 1 एवं शीतला 61 ज्योति कलश स्थापना की गई थी। डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ज्योति कलश लेकर ज्योति विसर्जन की शोभायात्रा में शामिल हुई।

# 150 किलो चांदी का दरवाजा मां बम्लेश्वरी देवी को समर्पित

**एकम को रजत पात्र भी किया गया समर्पित**



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर में 150 किलो चांदी से निर्मित दरवाजे को कालरात्रि अभिषेक के पूर्व माताजी के दरबार में समर्पित किया गया। दरवाजे को नासिक महाराष्ट्र के ठेकेदार द्वारा राजस्थान के 5 कारीगरों के सहयोग से 15 दिनों में निर्मित किया गया है। दरवाजे में अभी और कार्य किया जाना शेष है। दरवाजे के पूर्ण होने पर अनुमानित लागत लगभग 1.50 करोड़ रुपए आकलन किया जा रहा है। वहीं क्वांर नवरात्र के प्रथम दिवस को 15 लाख रूपए लागत से निर्मित 15 किलो चांदी की 8 थाल 12 कटोरी 4 प्लेट 2 गिलास 2 चम्मच और 1 गौ मुख वाला आचमनी श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मंदिरों में भोग प्रसाद एवं भक्तों द्वारा प्रसाद चढ़ाने हेतु अर्पित किया गया है। उक्त सभी कार्य भक्तों द्वारा समय समय पर माताजी को भेंट दिये गये चांदी के आभूषणों का उपयोग कर निर्मित किए गए हैं।

# बम्लेश्वरी दर्शन करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विष्णु लोधी ने किया आत्मीय स्वागत



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने हाल ही में नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का निचे मंदिर के इस पवित्र स्थल पर उनका आत्मीय स्वागत किया।

श्री बघेल ने प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर में श्री बघेल के आगमन से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान विष्णु लोधी पूरे समय श्री बघेल जी के साथ चर्चा करते हुए दिखे। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू, विधायक भोला राम साहू, विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पटीला, केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, डोंगरगढ़ शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय राज सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम, पूर्व शहर अध्यक्ष संजू गोमास्ता, ट्रस्टी अनिल गट्टानी, संध्या देशपांडे, शिशु पाल भारतीय आदि गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मंदिर के श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### आज ग्राम अछोली में रावण दहन



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री कान्हा दशहरा उत्सव समिति न्यू सेक्टर अछोली के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 14 अक्टूबर दिन सोमवार को संध्या 6 बजे से रंगारंग राम लीला के आयोजन के साथ 55 फ़ीट रावण पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया है। रात्रि 9:30 बजे से जस झांकी का आयोजन होगा। आयोजन समिति की ओर से अंचल के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की गई है।

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र की जय जयकार के साथ विजयादशमी पर शस्त्र पूजन



डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी देवी कि पावन धरा धर्म नगरी डोंगरगढ़ कि सेवाभावी संस्था सनातन जागृति सेवा संस्थान, डोंगरगढ़ छ.ग के द्वारा विजयादशमी के अवसर पर शिव श्री राम मंदिर जयस्तंभ चौक डोंगरगढ़ पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र की जय जयकार के साथ विजयादशमी पर शस्त्र पूजन किया गया तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

संस्था के मिडिया प्रभारी राजवीर कोचे ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शस्त्र पूजन विजयदशमी उत्सव अधर्म पर धर्म की जीत असत्य पर सत्य का विजय के प्रतीक विजय दशमी पर शिव श्री राम मंदिर जय स्तंभ चौंक पर शस्त्र पूजन विधि विधान मंत्रोच्चार से पुजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ। शस्त्र पूजन कार्यक्रम संगठन के प्रमुख बालमुकुंद तराने, प्रवीण मलगान, राजेश साहू, रामना मुर्ति लाखन कुशवाहा, दीपेंद्र गोमास्ता, अध्यक्ष चांद महानंद, उपाध्यक्ष दिलीप सेन, संजय जंघेल, सचिव गितेश मालेकर, कोषाध्यक्ष हेमंत मंडवी, सहसचिव दुर्गेश सिंहा, लक्ष्मी नारायण पांडे, मीडिया प्रभारी राजवीर कोचे, हेमन यादव, आकाश मरकाम, कमल साहू, गणेश साहू, रितेश साहू, पुनीत साहू, गोपाल वर्मा, बंटी चुके, सुमित श्रीवास्तव, महेन्द्र राजपुत, सरोज सिंह, शुक्रित मानिकपुरी, भावेश तराने, विनोद दखने व सभी सदस्य उपस्थित रहें।

### कल पेंशनर्स एसो. की मासिक बैठक

डोंगरगढ़ (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगढ़ की माह-अक्टूबर की मासिक बैठक में आंशिक परिवर्त करते हुए बैठक, कल तृतीय मंगलवार 15 अक्टूबर को शारदीय पर्व को देखते हुए आहूत की गई है। बैठक में समस्त वरिष्ठ पेंशनरों के उपस्थिति हेतु अध्यक्ष ललित किशोर नारंग द्वारा अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति हेतु आग्रह किया गया है। बैठक में एसोसिएशन के सदस्यों की पेंशन से संबंधित समस्याएँ एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जायेंगी। सचिव रमेश बहेकर द्वारा सभी पेंशनर्स बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का कष्ट करें ।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1174.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर, 13 अक्टूबर (आरएनएस)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1174.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 13 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2444.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 609.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 640.9 मिमी, सूरजपुर में 1167.8 मिमी, बलरामपुर में 1746.9 मिमी, जशपुर में 1076.0 मिमी, कोरिया में 1132.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1089.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 961.1 मिमी, बलौदाबाजार में 1189.5 मिमी, गरियाबंद में 1122.0 मिमी, महासमुंद में 974.9 मिमी, धमतरी में 1043.5 मिमी, बिलासपुर में 998.1 मिमी, मुंगेली में 1117.1 मिमी, रायगढ़ में 1117.0 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.6 मिमी, सक्ती 1063.2 मिमी, कोरबा में 1423.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1208.7 मिमी, दुर्ग में 658.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 929.8 मिमी, राजनांदगांव में 1130.1 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1243.2 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 860.4 मिमी, बालोद में 1200.4 मिमी, बस्तर में 1280.9 मिमी, कोण्डागांव में 1212.4 मिमी, कांकेर में 1430.4 मिमी, नारायणपुर में 1466.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 1569.7 मिमी और सुकमा जिले में 1706.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# दशहरा पर खैरागढ़ पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन, एसपी त्रिलोक बंसल ने बताया शस्त्र का महत्व

खैरागढ़ (दावा)। विजयादशमी पर्व के अवसर पर पुलिस लाइन में हर साल की तरह इस बार भी 12 अक्टूबर शनिवार को शस्त्र पूजा की गई। इस शस्त्र पूजा में एसपी त्रिलोक बंसल के द्वारा शस्त्र पूजा के बाद हर्ष फायर भी की गई।

विजयदशमी पर्व के शुभ अवसर पर शस्त्रागार केसीजी में प्रातः 10:30 बजे पूरे विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्रों एवं वाहनों की पूजा अर्चना पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय द्वारा किया गया। शस्त्र पूजा में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ, गण्डई लालचंद मोहले, डीएसपी मुख्यालय प्रदीप येरेवार रक्षित निरीक्षक के. देव राजू, खैरागढ़ थाना प्रभारी निरी. जितेन्द्र बंजारे, सायबर सेल प्रभारी निरी. अनिल शर्मा, यातायात प्रभारी निरी. शक्ति सिंह तथा रक्षित केंद्र पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी शस्त्र पूजा में सम्मिलित होकर किसी भी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग न करने तथा असहाय आम जनों की हर संभव मदद कर उनकी रक्षा करने, असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने तथा अपराधियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने एवम जिले को



**एसपी त्रिलोक बंसल के द्वारा शस्त्र पूजा के बाद हर्ष फायर भी की गई**

अपराध मुक्त बनाने का संकल्प केसीजी पुलिस के द्वारा लिया गया,साथ ही जिले में शांति व्यवस्था, आपसी भाईचारा बनी रहे के लिए शांति हवन कर जिलेवासियों के खुशहाली की कामना करते हुए विजयदशमी की समस्त अधिकारी कर्मचारियों एवं जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने कहा पुलिस विभाग में शस्त्र का विशेष महत्व है। आम जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस को कई बार शस्त्र भी उठाना पड़ता है, शस्त्र पूजा का आयोजन कर विजयादशमी के दिन पुलिस लाइन में विजयदशमी का पर्व मनाया जाता है एवं विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की विजयदशमी का पर्व आपके जीवन में खुशियां लेकर आए। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है और इसको इसी तरह से सेलिब्रेट करें और अपने अंदर के रावण को मारकर राम को जगाएं। पुरातन काल से मनाया जा रहा दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त की थी। इसलिए दशहरे की इस पर्व को विजयादशमी के नाम से भी जानते हैं, मान्यता यह भी है,कि इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर नाम के राक्षस का वध किया था, इसलिए विजयादशमी के दिन शस्त्र पूजन का विशेष महत्व रहता है। यह परंपरा सदियों पुरानी है, जिसका निर्वहन आज भी किया जा रहा है। उपस्थित स्टाफ को प्रसाद का वितरण किया गया तथा पूजित शस्त्रों से पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप. पुलिस अधीक्षक एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी व रक्षित निरीक्षक के द्वारा हवाई फायरिंग भी किया गया। सभी मिलकर जिला केसीजी में हर्ष उल्लास के साथ शस्त्र पूजन का कार्यक्रम रक्षित केन्द्र अमलीपारा के शस्त्रागार में आयोजित किया गया।

# शरद पूर्णिमा पर डोंगरगांव में रंगारंग आयोजन

**शहनाज अख्तर 16 को सुमधुर भजनों की देगी**

डोंगरगांव (दावा)। नगर के निशांत उत्सव समिति के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर कालेज मैदान में रंगारंग आयोजन होगा। समिति के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार भारत की प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर 16 अक्टूबर बुधवार को संध्या 7 बजे से डोंगरगांव में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देगी, शरद पूर्णिमा के अवसर में नगर में आयोजित इस भजन संध्या के आयोजन की तैयारियाँ अब अंतिम चरण की ओर है। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर निशांत उत्सव समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नगर के कॉलेज मैदान में संपन्न होना है, जहां कार्यक्रम के लिए भव्य मंच



के साथ ही दर्शकों और श्रोताओं के लिए विशेष दर्शकदीर्घा का निर्माण किया जा रहा है। इस संदर्भ में आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया की नगर में कोविड-19 के बाद से शहर में कोई भी बड़ा भजन संध्या और जगराता का आयोजन नहीं हो पाया था। वहीं नगरवासी प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर को एक लंबे अरसे से सुनना चाह रहे थे, विशेष रूप से महिलाओं की मांग को देखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों के अनुसार इस आयोजन में क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में श्रोताओं के पहुंचने की उम्मीद में तैयारियाँ भी इसी स्तर पर की जा रही है।

# सतनामी समाज का आम चुनाव, 11 से 20 अक्टूबर तक आवेदन

डोंगरगढ़(दावा)। ब्लाक सतनामी समाज के चुनाव को लेकर पूर्व आमसभा में चयन किए गए चुनाव संचालक पंद्रह सदस्यीय टीम की महत्वपूर्ण बैठक गत दिनों डोंगरगढ़ के सतनाम भवन में रखी गई थी। जिला सतनामी सेवा समिति पंजीयन क्रमांक 5041 राजनांदगांव के मार्गदर्शन में होने वाले इस चुनाव के लिए सभी जरुरी प्रस्तावित विषयों पर चर्चा कर समाज व समिति के नियमानुसार चुनाव सम्पन्न कराने सहमति व नियमावली बनाई गई। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, कार्यकरणी सदस्य सहित सभी पदों के लिए 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे, आवेदक अपना बायोडाटा निर्धारित प्रोफार्म में भर कर शुल्क सहित ब्लाक मुख्यालय सतनाम भवन में जमा कर सकते है। 21 व 22 अक्टूबर को छटनी की प्रक्रिया होंगी और 23 अक्टूबर दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापसी लिए जा सकते है। एक व्यक्ति किसी भी पद के लिए एक ही आवेदन कर सकता है और आवेदक को अपने सतनाम धर्म संस्कृति के अनुरूप, भंडारी छड़ीदार द्वारा अनुशंसा



**27 अक्टूबर को आमसभा में होगे पदाधिकारी मनोनीत**

किया हुआ शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। आदर्श आमचुनाव चयन या मनोनीत प्रक्रिया 27 अक्टूबर कों आमसभा बैठक में उपस्थित सभी संत समाज के बीच होगा। चुनाव निष्पक्ष आदर्श व पारदर्शिता हो जिसके लिए निर्वाचन अधिकारी कैलाश नाथ बंजारे, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजू कौशिक एवं चुनाव संचालक (कार्य मोनेटर्स) मिडिया प्रमुख शंकर बघेल को जिम्मेदारी दी गई। इस चुनाव में सभी प्रकार के विषयों पर पंद्रह सदस्य टीम का निर्णय सर्वमान्य होगा और किसी प्रकार की विवाद की स्थिति में जिला सतनामी सेवा समिति समाज राजनांदगाव अंतिम निर्णय लेने का अधिकारी होगा। बैठक में जिला सतनामी सेवा समिति 5041 राजनांदगाव से कमल लहरे, संजीव बंजारे, ऋषि खरे, वासुदेव जोशी, चेतन चंदेल, ब्लाक के पूर्व पदाधिकारी व चुनाव संचालक पंद्रह सदस्य टीम से पंचराम चंदेल, भुखन गायकवाड, गौवकरण कोसरे, शंकर बघेल, शिशुपाल भारती, दिनेतू जांगड़े, कैलाश बंजारे, राजू कौशिक, नंदकुमार खरे, सुरेशदास घोघरे, सहित अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी सामिल हुए।

# घुमका में सुरक्षा समिति का हुआ पुनर्गठन



घुमका (दावा)। गौरव ग्राम घुमका में 45 गांव के जनप्रतिनिधियों व सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार सोनित मेरिया, टीआई बसंत बघेल, एएसआई के.आर. नागवंशी, सरपंच फूलमती वर्मा, पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, पीयूष दुबे, पूर्व उपसरपंच जय कुमार वर्मा, उपसरपंच राजेश वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित है।

इस बैठक में सुरक्षा समिति के पुनर्गठन के साथ कानून में परिवर्तन की जानकारी से अवगत कराया गया। कोई भी अपराध घटित होता है, तो तत्काल थाने को सूचित किया जाए एवं अपराध नियंत्रण में सहयोग करें।

टीआई बसंत बघेल ने ने कहा कि आपसी मनमुटाव आपसी रंजिश व पारिवारिक, सामाजिक मामलों को तुल ना देते हुए शांति स्थापित करने का पहल सुरक्षा समिति कर सकती है। पुलिस शांति स्थापित करने व अपराध नियंत्रण में मदद करेगी।

इस दौरान पटेवा सरपंच मिथलेश साहू, उपरवाह के सरपंच पुनीता साहू, खजरी सरपंच संतराम ठाकुर, खैरझिटी सरपंच प्रतिनिधि श्री देवांगन ने सामाजिक बुराइयों से संबंधित अपराधों को सख्ती से नियंत्रित करने पर बल दिया। सुरक्षा समिति की बैठक में क्षेत्र से आये जनप्रतिनिधियों ने घुमंतू पशुओं से फसलों को नुकसान एवं पशुओं को भी नुकसान होने की बात प्रमुखता से रखी। इस बैठक में भेंडरवानी के पूर्व सरपंच टीकम यदु ने कहा कि भेंडरवानी में एक किसान द्वारा किसानों के खेतों तक जाने का मार्ग अवरोध करने की शिकायत की। जिस पर तहसीलदार श्री मेरिया ने समस्या का निदान किए जाने का आश्वासन दिया। थाना क्षेत्र के 45 गांव से 126 लोगों ने इस बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर हुए हमले के विरोध में लोधी समाज ने सौंपा ज्ञापन, कड़ी कार्रवाई की मांग

डोंगरगढ़ (दावा)। असमाजिक तत्वों द्वारा अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर तलवार तोड़ने की घोर निंदनीय और अपमानजनक घटना के खिलाफ आज लोधी समाज ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है, साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर शीघ्र उचित कदम नहीं उठाए गए, तो समाज सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने तीखे शब्दों में कहा, 'यह कायराना हरकत केवल लोधी समाज पर नहीं, बल्कि समूचे भारत की अस्मिता पर चोट है। अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन्होंने यह घिनौना कार्य किया है, वे समझ लें कि लोधी समाज उनकी करतूतों को यूं ही नहीं छोड़ेगा। इस अपमान के खिलाफ हम अपनी आखिरी सांस तक लड़ेंगे। यह समाज चुप बैठने वालों में से नहीं है, जो हमारे सम्मान पर हाथ उठाएगा, उसकी सजा का पूरा इंतजाम किया जाएगा। विष्णु लोधी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, यदि प्रशासन ने इस मामले में तुरंत और कठोर कदम नहीं उठाए, तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। हम लोधी समाज के लोग शांतिप्रिय हो सकते हैं, लेकिन जब हमारी आन, बान और शान पर चोट की जाती है, तो





**महारानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा से छेड़छाड़ पर विष्णु लोधी की चेतावनी - अब चुप नहीं**

हम चट्टान की तरह खड़े हो जाते हैं। यह हमारी ललकार है, और प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। हम अपनी वीरांगना महारानी के सम्मान के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इस घटना से स्पष्ट है कि समाज में असामाजिक तत्वों के हौसले किस हद तक बढ़ गए हैं। लेकिन वे यह भूल गए हैं कि लोधी समाज का इतिहास वीरता और बलिदान से भरा हुआ है। अगर हमारे स्वाभिमान से छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई, तो हम उसका जवाब उसी तीव्रता से देंगे। दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाए, यही हमारी एकमात्र मांग है। अगर इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो हमारा संघर्ष और उग्र होगा। लोधी समाज ने पुलिस प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो समाज बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा, जो प्रशासन के लिए भारी पड़ सकता है। समाज ने यह भी कहा कि उनकी चुप्पी को कमजोरी न समझा जाए। वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के अपमान पर समाज पूरी ताकत से जवाब देगा। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, महिला प्रदेश अध्यक्ष दशमत जंघेल प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल वर्मा, नंद बाबा चंदेल, प्रदेश सचिव गुना राम लिल्हारे, प्रदेश प्रचार सचिव डॉ भगवती वर्मा, जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, जिला महासचिव नंद चंदेल, महेश्वर वर्मा, राजनांदगांव शहर सर्किल अध्यक्ष चेतन वर्मा, शिव वर्मा, गुलाब वर्मा, ईश्वरीय वर्मा, अवध वर्मा, स्वरूप वर्मा, मोती वर्मा, कौशल वर्मा, मुकेश वर्मा, अशोक जंघेल, नेतराम जंघेल, अनुप वर्मा, अमित जंघेल, महेन्द्र जंघेल, देवकी वर्मा, सविता वर्मा, डोमेश्वर वर्मा, युवा जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा, अजेन दशरिया, विश्राम वर्मा आदि बड़ी संख्या में जिला एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे। सभी ने इस मुद्दे पर एकजुट होकर प्रशासन को चेतावनी दी कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो परिणाम गंभीर होंगे।

### सामान्य यात्रियों को राहत देने लंबी दूरी की ट्रेनों में बढ़ेगी जनरल कोच की संख्या

बिलासपुर-रायपुर। आम यात्रियों के साथ ही लंबी दूरी की एक्सप्रेस, मेल ट्रेनों में सफर करने वाले आम मुसाफिरों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने सामान्य यात्रियों की सुविधा बढ़ाने का निर्णय लिया है।

ट्रेनों में सामान्य कोच की संख्या कम होने के कारण अक्सर त्योहारों व खास मौकों पर यात्री ट्रेनों में एक-एक सीट के लिए मारामारी की नौबत बन जाती है। वहीं वेटिंग लिस्ट भी लंबी होती चली जाती है। रेलवे के नए-नए नियमों से यात्री वैसे भी बेहाल हो गए हैं। पूरा किराया देने के बाद भी कन्फर्म बर्थ न मिल पाने की हजारों शिकायत रेलवे तक रोजाना पहुंच रही है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए अब रेलवे प्रशासन ने लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने का फैसला किया है। लंबी दूरी की ट्रेनों में पहले से एक-एक जनरल कोच है, जो ट्रेन के आगे व पीछे जुड़ते हैं। दो अतिरिक्त कोच में ट्रेन की इसे हिस्से में जोड़े जाएंगे।

# पहला कॉलम...

## यात्री ट्रेन को रेल इंजन ने पीछे से मारी टक्कर, 1 व्यक्ति की मौत और 20 घायल

काहिराः मिस्र में आज एक यात्री ट्रेन को रेल इंजन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि 1 यात्री की मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि यह ट्रेन काहिरा जा रही थी, जिसे एक रेल के इंजन ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जोरदार आवाज से अन्य यात्रियों में दहशत फैल गई। पूरी ट्रेन झूले की तरह हिलने लगी। लोगों ने बताया कि काहिरा जाने वाली यात्री ट्रेन को पीछे से टक्कर मारने के बाद ट्रैक काफी देर तक बाधित हो गया। इस घटना में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तरी अफ्रीकी देश मिस्र में एक महीने के अंदर हुई यह दूसरी ट्रेन दुर्घटना है।

रेलवे अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि यह भयानक रेल दुर्घटना दक्षिण काहिरा से लगभग 270 किलोमीटर दूर मिनया प्रांत में हुई। बयान में कहा गया है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। अभी तक इसका कोई ठोस कारण पता नहीं चल पाया है। मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कम से कम 21 लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से 19 को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। कई यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## लग्जरी क्रूज शिप से गिरी 20 साल की महिला की मौत

नई दिल्ली। एमएससी वर्चुओसा क्रूज शिप से गिरने के चलते एक 20 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक 19 मंजिल वाले क्रूज शिप ने आपात सिग्नल भेजा था। ये हादसा पश्चिमी एल्डरनी के लेस कास्केट्स के समीप हुआ, जब महिला 18वीं मंजिल पर पहुंची और इंग्लिश चैनल में गिर गई। शनिवार की आधी रात को हुए इस हादसे के बाद महिला को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। एक पैसेंजर ने बीबीसी को बताया कि तीन बार अलार्म बजा था कि एक व्यक्ति क्रूज के ऊपर पहुंच गया है। चैनल आइलैंड एयर सर्च की ओर से एक हेलिकॉप्टर को इलाके की जांच के लिए भेजा गया। इस दौरान एल्डरनी और फ्रांस के बीच लाइफ बोट नौकाओं वाले क्रू महिला को बचाने की कोशिश करते रहे। इसी दौरान एक फ्रेंच हेलिकॉप्टर को भी सर्च अभियान में लगाया गया। सर्च अभियान सफल रहा और बचाव कर्मियों ने महिला के शव को पानी से निकाल लिया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिश के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। महिला की राष्ट्रीयता और उसकी पहचान को सार्वजनिक नहीं किया गया है।

## अमेरिका नग ईरान के साथ कारोबार करने वाली भारतीय कंपनी पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन। ईरान ने इजरायल पर हमला किया। उधर रूस भी ईरान के समर्थन में खड़ा हो गया है। अब इन सबके बीच इसका असर भारत पर पड़ रहा है। दरअसल, ईरान द्वारा एक अक्टूबर को इजरायल पर किए गए मिसाइल हमले के विरोध में अमेरिका ने एक दर्जन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। ये ऐसी कंपनियां हैं जो ईरान के साथ तेल का कारोबार करती हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों के चपेट में भारत की भी एक कंपनी आई है। अमेरिका के ताजा प्रतिबंधों की दायरे में दुनिया भर की करीब दर्जन भर कंपनियां भारतीय कंपनी गब्बारो शिप सर्विसेज अपने टैंकर हार्नेट के जरिये ईरानी तेल की एशियाई देशों में आपूर्ति करती है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये टैंकर ईरान से पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति करने वाली घोस्ट फ्लीट का हिस्सा है। अमेरिका के ताजा प्रतिबंधों की दायरे में विश्व भर की करीब दर्जन भर कंपनियां आई हैं जो ईरानी तेल कारोबार से जुड़ी हुई हैं।प्रतिबंध के मुताबिक, ये कंपनियां अमेरिकी अर्थतंत्र में काम नहीं कर सकेंगी। इनमें यूएई, मलेशिया, हांगकांग और सूरीनाम की कंपनियां शामिल हैं। प्रतिबंध के तहत ये कंपनियां अमेरिकी अर्थतंत्र में काम नहीं कर सकेंगी।

## एस जयशंकर अगले सप्ताह जाएंगे इस्लामाबाद

इस्लामाबाद। विदेश मंत्री एस जयशंकर अगले सप्ताह इस्लामाबाद दौरे पर जाएंगे। वे, चीन और रूस के प्रधानमंत्रियों समेत अन्य नेता अगले सप्ताह पाकिस्तान के इस्लामाबाद होने वाली दो दिवसीय एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक में भाग लेंगे। पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, बैठक में अर्थव्यवस्था, व्यापार और पर्यावरण के क्षेत्र में जारी सहयोग पर चर्चा की जाएगी। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने एक बयान में बताया कि वह 15 और 16 अक्टूबर को शंघाई सहयोग संगठन शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक की मेजबानी करेगा। सीएचजी के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। पाकिस्तान सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है, एससीओ सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व चीन, रूस, बेलारूस, ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के साथ-साथ ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति और भारत के विदेश मंत्री बैठक में शिरकत करेंगे।

# भारत ने बांग्लादेश को टी20 सीरीज में 3-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया




हैदराबाद। भारत ने बांग्लादेश को तीन मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया। हैदराबाद में खेले गए तीसरे टी20 में टीम इंडिया ने 133 रन से जीत हासिल की। भारत के लिए संजू सैमसन ने 111 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान सूर्यकुमार ने तूफानी 75 रन बनाए। इसकी बदौलत भारत ने 20 ओवर में छह विकेट पर 297 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। सैमसन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। हालांकि, प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड 31 साल के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने जीता। शुक्रवार 11 अक्तूबर को ही हार्दिक ने 31वां जन्मदिन मनाया था। उनके लिए इससे बेहतर गिफ्ट कुछ नहीं हो सकता था।

हार्दिक ने भारत के लिए तीनों टी20 मैच खेले और 11 चौके और आठ छक्के की मदद से कुल 118 रन बनाए। वह टी20 सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 222.64 का रहा। उनसे ऊपर सैमसन रहे। सैमसन ने तीन पारियों में 205.48 के स्ट्राइक रेट से 150 रन बनाए। इस सीरीज में हार्दिक का स्ट्राइक रेट सबसे बेहतरीन रहा। इसके अलावा उनको एक विकेट भी मिला। तीन मैचों में हार्दिक ने सात ओवर गेंदबाजी की और 58 रन खर्च किए। ग्वालियर में खेले गए सीरीज के पहले मैच में हार्दिक ने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया था। इसके अलावा भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। उन्होंने 16 गेंद में 39 रन की नाबाद पारी खेली थी। दिल्ली में खेले गए दूसरे टी20 में हार्दिक छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए और 19 गेंद में 32 रन की पारी खेली। तीसरे टी20 में हार्दिक ने 18 गेंद में 47 रन की तूफानी पारी खेली। प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने के बाद हार्दिक ने कोच गौतम गंभीर की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि गंभीर हर खिलाड़ी को खुलकर खेलने की आजादी देते हैं।

उन्होंने कहा, %कप्तान और कोच ने जिस तरह की आजादी दी है, वह पूरे ग्रुप के लिए शानदार है। ऐसा हर खिलाड़ी के लिए है जो टीम में शामिल हैं। यदि आप इसका आनंद ले सकते हैं, तो यह सबसे अच्छा तरीका है जिससे आप इस खेल का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। जब ड्रेसिंग रूम आनंद ले रहा होता है, जब हर कोई हर किसी की सफलता का आनंद ले रहा होता है, तो आप टीम के लिए और ज्यादा से ज्यादा करने का महसूस करते हैं। मुझे लगता है कि इसने बहुत योगदान दिया है। मेरा शरीर अब अच्छा महसूस कर रहा है। प्रक्रिया जारी है; कुछ भी नहीं बदलता है। कवर पर जब मैंने पंच किया तो वह मेरी पारी का सर्वश्रेष्ठ शॉट है। स्टार ऑलराउंडर न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। वह अगली बार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज में भारत के लिए एक्शन में नजर आएंगे। यह सीरीज आठ नवंबर से डरबन में शुरू होगी। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार ने भी हार्दिक की तारीफ की। उन्होंने कहा, %हमने एक टीम के रूप में बहुत कुछ हासिल किया है। मैं अपनी टीम में निस्वार्थ क्रिकेटर रखना चाहता हूं। हम एक निस्वार्थ टीम बनना चाहते हैं। जैसा कि हार्दिक ने कहा, हम मैदान पर, मैदान के बाहर एक-दूसरे के प्रदर्शन का आनंद लेना चाहते हैं, जितना संभव हो उतना समय बिताना चाहते हैं और मैदान पर वह सौहार्द कायम है और हम मौज-मस्ती भी कर रहे हैं। टीम को लेकर बातचीत ऐसी ही रही है, गौती भाई ने सीरीज की शुरुआत में भी यही कहा था और जब हम श्रीलंका गए थे, तब भी टीम से बड़ा कोई नहीं था।

सूर्यकुमार ने कहा, %यदि आप 99 या 49 या कुछ भी स्कोर पर हैं, अगर आपको लगता है कि आपको टीम के लिए गेंद को पार्क के बाहर मारना है, तो आपको इसे मारना होगा और संजू ने भी यही किया और मैं उनके लिए वास्तव में खुश हूं। हमें बहुत लचीला होना होगा। हर किसी को योगदान देना होगा। जिस तरह से हमारे खिलाड़ियों ने इस सीरीज में खेल दिखाया, वह सराहनीय था। बस अच्छी आदतें बनाए रखें और उसे मैदान पर भी जारी रखें और वैसे ही बने रहें जैसे आप हैं।

## ब्राजील में महाविनाशकारी तूफान से 7 लोगों की मौत

साओ पाउलो । ब्राजील के साओ पाउलो में आए भीषण तूफान ने हाहाकार मचा दिया है। यह तूफान इतना अधिक शक्तिशाली था कि कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि दक्षिण अमेरिका के इस सबसे बड़े महानगर में शनिवार को लगभग 14 लाख घरों की बिजली गुल हो गई। वहीं लाखों लोग बेघर हो गए हैं। त साओ पाउलो के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात 67 मील (108 किलोमीटर) प्रति घंटे की रफ्तार से आए तूफान के कारण बिजली पारेषण लाइन प्रभावित हुईं और बड़ी संख्या में पेड़ उखड़ गये, जिसके कारण कुछ हिस्सों में गंभीर क्षति हुई।



कई जगहों पर मकान, दुकान और घरों की छतें उखड़ गईं। कारें और अन्य वाहन कागज की तरह हवा और पानी में बहने लगे। इससे लोगों में दहशत फैल गई। राज्य सरकार के अनुसार, तूफान के कारण कई हवाई अड्डों को भी बंद करना पड़ा और कई क्षेत्रों में पेयजल सेवा भी बाधित हुई। अधिकारियों ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत उस वक्त हुई जब एक पेड़ उखड़कर एक दुकान पर गिर गया।

भयानक तूफान के चलते हजारों घर अंधेरे में डूब गए हैं। ब्राजील के अधिकारियों ने बताया कि इस तूफान के कारण साओ पाउलो के आसपास के क्षेत्रों में कम से कम छह अन्य लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों को उम्मीद थी कि वे तूफान समाप्त होने के बाद के कुछ घंटों के भीतर बिजली पारेषण बहाल कर लेंगे, लेकिन लोग शनिवार को भी अंधेरे का दंश झेलते रहे, इतना ही नहीं संबंधित अधिकारी स्थानीय निवासियों से पानी की सीमित खपत का आग्रह करते भी नजर आए।

## हार्दिक, सूर्यकुमार, जसप्रीत खिलाड़ियों को रिटेन करेगी मुंबई इंडियंस!

नई दिल्ली। आईपीएल इतिहास की सबसे कामयाब टीमों में मुंबई इंडियंस का नाम शुमार है. रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस 5 बार टाइटल जीतने वाली पहली टीम बनी, लेकिन आईपीएल 2024 शुरु होने से पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस ने अपना कप्तान बनाया. हालांकि, हार्दिक पांड्या की अगुवाई में मुंबई इंडियंस प्लेऑफ तक पहुंचने में नाकाम रही.

आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन होना है. अब मेगा ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस से जुड़ी बड़ी जानकारी सामने आ रही है. क्रिकेबज की मानें तो मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा को रिटेन नहीं करेगी. इस तरह रोहित शर्मा ऑक्शन का हिस्सा होंगे, लेकिन अब सवाल है कि मुंबई इंडियंस किस-किस खिलाड़ी को रिटेन करेगी? क्रिकबज के मुताबिक, मुंबई इंडियंस हार्दिक पांड्या को 18 करोड़ रुपए में रिटेन करेगी. इसके बाद सूर्यकुमार यादव को 14 करोड़ रुपए में रिटेन करेगी. जबकि मुंबई इंडियंस जसप्रीत बुमराह को 11 करोड़ रुपए में रिटेन कर सकती है.

## पीसीबी ने बाबर-शाहीन को दिया बड़ा झटका, पाकिस्तान टीम में नहीं दी जगह

नई दिल्ली। पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच के लिए टीम घोषित कर दी है. शान मसूद की कप्तानी वाली टीम में नए खिलाड़ियों को जगह मिली है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बाबर आजम, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह और सरफराज अहमद को करारा झटका दिया है. पीसीबी ने इन चारों खिलाड़ियों को टीम से बाहर निकाल दिया है. सरफराज मुख्य टीम का हिस्सा नहीं थे. वे बेंच स्ट्रेंथ में शामिल हुए थे. पीसीबी ने रविवार दोपहर टीम का ऐलान किया.



पीसीबी ने अपनी ऑफीशियल वेबसाइट पर बाबर और शाहीन को लेकर प्रतिक्रिया दी है. बोर्ड ने लिखा, सिलेक्टर्स ने बाबर आजम, नसीम शाह, सरफराज अहमद और शाहीन अफरीदी को आराम देने का फैसला किया है. अबरार अहमद चोट से अभी तक उबर नहीं पाए हैं. लिहाजा वे चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे.

पीसीबी ने बाबर, शाहीन, नसीम और सरफराज की जगह चार नए खिलाड़ियों को मौका दिया है. बोर्ड ने बताया, हसीबुल्लाह, मेहरन मुमताज, कामरान गुलाम और तेज गेंदबाज मोहम्मद अली को मौका दिया गया है. इनके साथ-साथ ऑफ स्पिनर साजित खान को भी टीम में जगह मिली है.

## पाकिस्तान के पख्तूनख्वा में खूनी संघर्ष, 11 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां शनिवार को दो कबीलों के बीच खूनी संघर्ष में 11 लोगों की जान चली गई। वहीं कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में प्रतिद्वंद्वी जनजातियों के बीच गोलीबारी की घटना में दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद प्रांत के कुर्रम जिले में तनाव बढ़ गया। हालांकि, झड़पों का कारण पता नहीं चल पाया है। वहीं इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी जावेदउल्लाह खान ने बताया कि हिंसा फैलने के साथ ही जिले के विभिन्न इलाकों में वाहनों को निशाना बनाया गया, जिससे कई लोग हताहत हुए।

झड़प के बाद बढ़ते हिंसा को देखते हुए पुलिस प्रशासन घटना स्थल पर पहुंच स्थिति को समान्य करने के प्रयास में लग गई। मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारी जावेदउल्लाह खान ने आगे बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और यात्रा मार्गों को सुरक्षित करने और सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। इसके साथ ही पूर्व सांसद और जनजातीय परिषद के सदस्य पीर हैदर अली शाह ने कहा कि जनजातियों के बीच शांति समझौते के लिए मध्यस्थता करने के लिए बुजुर्ग कुर्रम पहुंचे हैं, जिसके बाद उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई गोलीबारी की घटनाएं खेदजनक हैं और इससे स्थायी शांति के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई है।

## लेबनान के राम्या गांव पर कब्जे के प्रयास में इजरायली सेना, गाजा पर भी आईडीएफ का हमला; 29 मौतें



बेरूत/काहिरा। हिजबुल्लाह पर इजरायली सेना का ताबड़तोड़ हमला जारी है। अब इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान के राम्या गांव में घुस गई है, जहां वह कब्जे के प्रयास में है। इस स्थान पर इजरायली सेना और हिजबुल्लाह लड़ाकों के बीच भीषण जमीनी और हवाई युद्ध चल रहा है। हिबबुल्लाह ने कहा कि हमारे लड़ाकों ने फिलहाल इजरायल के घुसपैठ करने की कोशिश का नाकाम कर दिया है और इस मोर्चे पर भीषण जंग जारी है। वहीं गाजा में भी इजरायली सेना ने हमले बढ़ा दिए हैं। बीते 24 घंटे में गाजा में 29 लोग इजरायली हमले में मारे गए हैं।

इस हमले में संयुक्त राष्ट्र के 3 कर्मचारी भी अब तक घायल हुए हैं। इजरायली हमलों ने दक्षिणी लेबनान में शांति सैनिकों के मुख्य अड्डे को हिला दिया है, जिससे संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और पश्चिमी देशों ने हमलों की निंदा की है। UNIFIL बल ने इसे गंभीर बताते हुए संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और संपत्ति की सुरक्षा की गारंटी दी जानी चाहिए। फ्रांस ने इस बीच इजरायल के राजदूत को तलब किया। इटली और स्पेन के साथ एक संयुक्त बयान जारी कर ऐसे हमलों को अनुचित बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वह इज़रायल से यूनिफ़िल बलों पर हमला नहीं करने के लिए कह रहे हैं। रूस ने भी इस हमले पर गंभीर गुस्सा जाहिर करते हुए इजरायल से शांति सैनिकों के खिलाफ शत्रुतापूर्ण कार्रवाई से परहेज करने को कहा है। वहीं शनिवार को गाजा पर इजरायली सैन्य हमलों में कम से कम 29 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।

डॉक्टरों ने कहा इजरायली सेनाएं जबालिया क्षेत्र में उस गहराई तक घुसती रहीं, जहां अंतरराष्ट्रीय राहत एजेंसियों के अनुसार हजारों लोग फंसे हुए हैं। (रायटर्स)

## ज्योतिष चमत्कार ( 14 अक्टूबर 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 59 | 63 | 79 | 81 |
| मंगल | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 65 | 75 | 85 | 97 |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 73 | 87 | 95 | 01 |
| गुरू | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 93 | 03 | 19 |
| शुक्र | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 91 | 07 | 17 | 21 |
| शनि | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 15 | 23 | 37 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 02 | 18 | 24 | 30 |
| मंगल | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 14 | 26 | 36 | 42 |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 28 | 34 | 46 | 58 |
| गुरू | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 32 | 48 | 56 | 62 |
| शुक्र | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 40 | 54 | 64 | 78 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 5 | 6 | 0 |
| स्पेशल | 41 | 57 | 69 | 05 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 7 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 6 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 5 |
| स्पेशल | 12 | 20 | 38 | 52 |

**सप्ताह में देखें (कल्याण)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ´79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 08 | 85 | 87 | 40 | 13 | 14 |
| 54 | 82 | 34 | 70 | 57 | 03 |
| 85 | 64 | 47 | 87 | 85 | 97 |
| 58 | 06 | 51 | 13 | 74 | 39 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 80 | 41 | 46 | 67 | 08 |
| 79 | 57 | 90 | 00 | 49 |
| 42 | 13 | 56 | 08 | 47 |
| 39 | 70 | 84 | 10 | 67 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -09

2024- 11-17-18-19-10-22-35-43-61-68-71-86 -80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62

2024- 15-19-26-35-30-44-59-62-65--69-73-88 -89-92-94

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# प्रथम पेज का शेष

***धान खरीदी से पहले मंत्री...***

राशनकार्ड सत्यापन जल्द पूरा हो- राशनकार्ड सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए हैं। हाल के दिनों में इस प्रक्रिया को लेकर कई शिकायतें सामने आई हैं, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है। अधिकारियों से कहा गया है कि वे इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करें ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

***अमित शाह चुनेंगे हरियाणा...***

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। एक तरफ बीजेपी ने हरियाणा का नया सीएम चुनने के लिए ऑब्जरबर नियुक्त किया, दूसरी ओर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के लिए पहुंच गए। विज ने दिल्ली में नड्डा से मुलाकात की है, यही कारण है कि राजनीतिक गलियारों में नए सीएम को लेकर रोमांच बढ़ता जा रहा है। दूसरी ओर राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और उनकी बेटी भाजपा विधायक श्रुति चौधरी ने भी आज उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की है। इन सभी के क्या मायने हैं, इसका पता 16 अक्टूबर को चलने वाली है।

***सीजीपीएससी चेयरमैन की हुई ...***

पीएससी चेयरमैन का पद काफी दिनों से खाली था। चेयरमैन पद पर स्थायी नियुक्ति नहीं होने की वजह से नियुक्ति कैलेंडर में भी काफी विलंब हो रहा था। अब चेयरमैन की नियुक्ति के बाद उम्मीद है कि जल्द ही सब कुछ आयोग में सुचारू हो जायेगा।

***अग्निवीरों की शहादत दूसरे ...***

अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा। जब दोनों ही सैनिकों की जिम्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनके शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों। श्री गांधी ने कहा, अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है।

***छत्तीसगढ़ में बनेगी फिल्म सिटी...***

राज्य के रंगमंच और अन्य विधा से जुड़े लोगों को फिल्म सिटी बनने अपने कला को और निखारने में मदद मिलेगी। फिल्म निर्माण से संबंधित सुविधाएं विकसित होंगी- बताया जाता है कि एक फिल्म निर्माण से संबंधित सभी सुविधाएं एक ही जगह मिले इसे लेकर अधोसंरचना फिल्म सिटी में विकसित होंगे। फिल्म निर्माण और स्टूडियो से संबंधित यूनिट स्थापित होंगी,

जिसमें ओपन स्ट्रक्चर स्टूडियो, साउंड स्टेज, आउटडोर सेट आदि होंगे। फिल्म इंडस्ट्री के लिए विभिन्न प्रकार के सामान व उपकरण बनाने वाली यूनिट भी यहां होगी। मनोरंजन के लिए भी यहां पर लोकेशन तैयार होंगे।

फिल्म से संबंधित सारे कार्य एक जगह- फिल्मों से संबंधित सभी सुविधाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। फिल्म सिटी में शूटिंग के लिए स्टूडियो से लेकर मिक्सिंग-डबिंग और एडिटिंग आदि की सुविधाएं भी दी जाएगी। हालांकि अफसरों ने इसके संबंध में बनाए गए प्रस्ताव के बारे में अभी खुलासा नहीं कर रहे हैं, लेकिन कहा जा रहा है कि प्रस्ताव को अनुमति मिलने के बाद इस पर तेजी से काम शुरू होगा।

***आज देशभर के अस्पताल रहेंगे ...***

इसमें आगे कहा गया है, हमें किनारे कर दिया गया है, हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है, सिवाय इसके कि हम कोई कदम उठाएं, न केवल अपने लिए, बल्कि चिकित्सा पेशे की पवित्रता और सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए भी। हम हिंसा या उपेक्षा के कारण एक और सहकर्मी को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। सरकार की उदासीनता ने हमारे पास कोई और विकल्प नहीं छोड़ा है। हालांकि, पत्र में सभी आरडीए और एसोसिएशनों से अनुरोध किया गया है कि वे आपातकालीन सुविधाएं 24म7 खुली रखें, क्योंकि जिन मरीजों को हमारी तत्काल सेवा की आवश्यकता है, उन्हें परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के लिए बेंगलुरु रवाना हुए विराट कोहली

नई दिल्ली। विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए मुंबई से बेंगलुरु रवाना हो चुके हैं. भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है. सीरीज का पहला मुकाबला तीन दिन बाद खेला जाएगा, जिसके लिए किंग कोहली तैयार नजर आ रहे हैं.

वीडियो में कोहली मुंबई से बेंगलुरु रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं. इस दौरान कोहली बड़े ही शानदार लुक में नजर आए. इससे पहले कोहली बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नजर आए थे. बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए सीरीज के दोनों ही मुकाबलों में कोहली ज्यादा कुछ खास नहीं कर सके थे. चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट में उन्होंने 06 और 17 रन बनाए थे. फिर कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट में कोहली के बल्ले से 47 और 29* रनों की पारियां निकली थीं.

# छत्तीसगढ़ की धरती से निकलेगा हीरा: सरकार देगी हाईकोर्ट में दस्तक

बिलासपुर। वर्ष 2018 में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरियाबंद जिले के पायलीखंड हीरा खदान से माइनिंग विवाद को सुलझाने की कोशिश शुरू की थी। तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हीरा खदान के विवाद को जल्द सुलझाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अर्जेंट हियरिंग के तहत मामला दायर की थी। हालांकि इस पर सुनवाई अब भी लंबित है। मामला पेंडिंग होने के कारण हीरा खदान से माइनिंग का काम अटका हुआ है। राज्य में भाजपा की सरकार काबिज होने के बाद एक बार फिर हीरा खदान से माइनिंग को लेकर राज्य स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार राज्य शासन ने महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत से इस संबंध में विधिक सलाह मांगी थी। महाधिवक्ता ने हीरा खदान में माइनिंग विवाद को शीघ्र सुलझाने की मांग करते हुए अर्जेंट हियरिंग के तहत याचिका दायर करने का सुझाव राज्य शासन को दिया है। राज्य शासन ने अपनी सहमति दे दी है।



### एक याचिका अब भी लंबित

वर्ष 2022 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने विवाद को सुलझाने के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अर्जेंट हियरिंग के तहत याचिका दायर की थी। तकरीबन दो साल बाद भी मामला लंबित है। अर्जेंट हियरिंग के तहत दायर याचिका पर अब तक एक भी सुनवाई नहीं हो पाई है।

### दो दिग्गजों के अहम की लड़ाई में अटका मामला

अविभाजित मध्यप्रदेश के दौर में मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सरकार ने वर्ष 2000 में गरियाबंद जिले के हीरा खदान में माइनिंग के लिए टेंडर जारी किया था। प्रक्रिया आगे बढ़ रही थी, इसी बीच केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की घोषणा कर दी। राज्य निर्माण के बाद कांग्रेस की सरकार बनाने की कवायद शुरू हुई। मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा को लेकर जिस तरह राजनीति चली उसकी टीस लंबे समय तक छत्तीसगढ़ की राजनीति में दिखाई देती रही। सीएम की कुर्सी पर काबिज होने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने दिग्विजय सिंह के उस फैसले को पलट दिया जिसके तहत माइनिंग के लिए टेंडर जारी किया गया था। गरियाबंद जिले के हीरा खदान के माइनिंग को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तक हल नहीं हो पाया है।

### 135 मिलियन टन भंडार का है अनुमान

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में 135 मिलियन टन किंबरलाइट के भंडार का अनुमान है। आंकड़ों के हिसाब से ये विश्व का किसी एक माइनिंग एरिया में सबसे बड़ा भंडार है। खनन प्रारंभ होने की स्थिति में समूचे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था बदल जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में इस क्वालिटी का हीरा

दुनिया के कुछ ही देश में अलेक्जेंड्राइट पाया जाता है। गरियाबंद जिले के हीरा खदान में इसी क्वालिटी का हीरा है। देश में छत्तीसगढ़ एकमात्र राज्य है जहां अलेक्जेंड्राइट है। इसी जिले में दुनिया के बड़े हीरा खदानों में से एक पायलीखंड हीरा खदान भी है।

# टैली पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित




डोंगरगढ़ (दावा)। शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेवती के निर्देशन एवं कम्प्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में कम्प्यूटर विभाग के छात्र-छात्राओं हेतु टैली विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक किया गया। उक्त तीन दिवसीय वर्कशाप में प्रशिक्षक के रूप में हर्ष यादव उपस्थित रहे। श्री यादव ने विद्यार्थियों को टैली का प्रशिक्षण एवं विभिन्न क्षेत्रों में इसके बढ़ते प्रयोग, किस तरह नई कंपनी की खाता बही बनाई जाती है और उसकी एंट्री की जाती है और जीएसटी बिल प्रिंटिंग आदि टैली के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। उक्त कार्यशाला में पीजीडीसीए, डीसीए, बीएससी सी.एस. एवं बी.कॉम. सी.एस. के सभी छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी। इस कार्यशाला से 65 विद्यार्थी लाभांवित हुए।

कार्यशाला के अंतिम दिवस समापन अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.श्रीमति ई.व्ही. रेवती एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशिक्षक हर्ष यादव, कंप्यूटर विभाग के संरक्षक बेदप्रकाश साहू व कम्प्यूटर शिक्षक मनीष कुमार भास्कर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। पश्चात मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि का स्वागत कंप्यूटर विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित गुलदस्ता देकर किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. रेवती ने उक्त आयोजन हेतु कम्प्यूटर विभाग को बधाई दी। आमंत्रित प्रशिक्षक को महाविद्यालय की ओर से मोमेन्टो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कम्प्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती ने किया।

# पुलिस के चंगुल से विचाराधीन कैदी फरार

रायपुर, 13 अक्टूबर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक विचाराधीन कैदी संजय भट्टाचार्य कोर्ट से फ?ार हो गया। यह घटना 9 अक्टूबर को सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित रायपुर कोर्ट में उस वक?त हुई जब आरोपी को रायपुर कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था, जहां वह पुलिस की नजरों से चकमा देकर भाग निकला। मिली जानकारी के अनुसार, संजय भट्टाचार्य कलकत्ता का निवासी है और उसके खिलाफ बलात्कार का मामला विचाराधीन है। इस घटना के बाद से रायपुर पुलिस में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया है ताकि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने की कोशिश की जा सके। आरक्षक शिवम दिवेदी कैदी संजय को कोर्ट में पेश करने लाए थे। जब कैदी ने भागने की कोशिश की, तो आरक्षक ने उसे पकड़ने के लिएछत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक विचाराधीन कैदी संजय भट्टाचार्य कोर्ट से फ?ार हो गया। यह घटना 9 अक्टूबर को सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित रायपुर कोर्ट में उस वक?त हुई जब आरोपी को रायपुर कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था, जहां वह पुलिस की नजरों से चकमा देकर भाग निकला। मिली जानकारी के अनुसार, संजय भट्टाचार्य कलकत्ता का निवासी है और उसके खिलाफबलात्कार का मामला विचाराधीन है। इस घटना के बाद से रायपुर पुलिस में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया है ताकि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने की कोशिश की जा सके। आरक्षक शिवम दिवेदी कैदी संजय को कोर्ट में पेश करने लाए थे। जब कैदी ने भागने की कोशिश की, तो आरक्षक ने उसे पकड़ने के लिए चिल्लाते हुए मदद की गुहार लगाई। हालांकि, इस समय खालसा स्कूल वाली रोड पर अन्य लोग घटनास्थल पर मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। इस दौरान संजय तेजी से भाग निकला।पुलिस ने कैदी के फ?ार होने के बाद आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर दी है और सुराग जुटाने के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि संजय भट्टाचार्य का फ?ार होना बहुत गंभीर मामला है और इसे किसी भी हाल में हल्के में नहीं लिया जा सकता। कोर्ट परिसर में कैदियों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में चूक हुई है, जिसके कारण विचाराधीन कैदी फ?ार हो गया। वहीं, इस घटना के बाद से रायपुर पुलिस ने सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है और फ?ार कैदी को पकड़ने के लिए विशेष टीमें बनाई हैं। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की योजना बनाई है।आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि कैदी के भागने के समय का सही पता लगाया जा सके। इस मामले में आगे की जांच जारी है, और पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही कैदी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में जीएसटी संग्रह में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हुए बेहतर कारोबार का असर राज्य के जीएसटी राजस्व पर साफ दिख रहा है. वित्तीय वर्ष 2024-25 के सितंबर माह में राज्य को 1073.97 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है।**

वित्तीय साल 2024-25 में स्टेट को मिलने वाले जीएसटी में लगातार वृद्धि हो रही है. सितंबर 24 में राज्य को छत्तीसगढ़ एसजीएसटी से 614.35 करोड़ रुपये तथा एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 459.62 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है. इस तरह प्रदेश को सितंबर में जीएसटी एक्ट के तहत 1073.97 करोड़ रुपए का राजस्व मिला। सितंबर 23 में प्रदेश में छत्तीसगढ़ एसजीएसटी से 625.29 करोड़ रुपये तथा एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 339.19 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई थी. इस तरह बीते साल की तुलना में सितंबर 24 में मिले जीएसटी में 109.49 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है. यह राशि 11 प्रतिशत की ग्रोथ दर्शाती है।

**छह माह में मिले 7190 करोड़**

स्टेट जीएसटी को वित्तीय साल 2024-25 की पहली छमाही में जीएसटी के तहत 7190.26 करोड़ रुपये मिले. यह राशि बीते साल की तुलना में 13 फीसदी की ग्रोथ दर्शाती है. अप्रैल से सितंबर 2024 में राज्य को छत्तीसगढ़ एसजीएसटी से 4242.39 करोड़ रुपये मिले हैं. एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 2947.87 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है.

# नकली दवा के नाम पर पांच फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर हुए गिरफ्तार

दुर्ग (दावा)। दवा दुकानों में छापेमारी कर नकली दवा के नाम पर दवाओं की सैंपलिंग लेकर दुकान संचालकों को धमकाने और उगाही करने वाले पांच फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं. पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धमधा थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि ग्राम धुमा धमधा निवासी रघुनंदन प्रसाद वर्मा (68 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह खेती-किसानी का काम करता है. उसके बेटे दिलेंद्र कुमार वर्मा ने तीन साल पहले लाइसेंस लेकर घर में मेडिकल दुकान खोली थी. गुरुवार दोपहर वह ग्राम सिलपट्टी में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था. उस दौरान दुकान में बैठे लड़के ने बताया कि एक शख्स ने कॉल कर खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताते हुए बिना लाइसेंस के दवा दुकान चलाने पर कार्यवाई के लिए धमकाने लगा.



इसके साथ ही खैरागढ़ कलेक्टोरेट में मिलने के लिए बुलाया है। बेटे से बात खत्म होने के बाद रधुनंदन ने बहू को कॉल किया. उसने बताया कि स्कार्पियों (सीजी 17 केएच 8580) में पांच लोग सवार होकर घर आए और खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताकर मेडिकल दुकान में घुस गए. और बिना लाइसेंस दुकान चलाने पर जेल भेजने की धमकी लेने लगे. इसके साथ जाते समय कुछ दवाएं सैम्पल के लिए साथ ले गए। इसके बाद जब शाम को घर पहुंचा तो ग्राम खैरझिटी निवासी वैद्यराज जोहन लाल वर्मा से मुलाकात हुई. जब उन्हें घटनाक्रम बताया तो उन्होंने ने भी स्कार्पियों में सवार होकर 5 लोग आए, खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताए और आयुर्वेदिक दवाओं के दो डिब्बे अपने साथ ले गए. बुजुर्ग की शिकायत के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों की पहचान पंडरिया कवर्धा निवासी मनीष जंघेल, भूषण वर्मा, तारन वर्मा, टाकेश्वर जंघेल, अतेनमणी अंचित के रूप में हुई.

# राज्य स्तरीय क्रिकेट अंडर 14 हेतु एनपीएस के विद्यार्थियों का चयन



**राजनांदगांव (दावा)। अंचल की सुविख्यात शैक्षणिक संस्था नीरज पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थी श्रीधर वैष्णव, वर्णित सीमांकर, सानिध्य साहू का चयन किया गया है।**

क्रिकेट अंडर 14 वर्षीय बालक वर्ग हेतु शाला के खेल विभाग के प्रयास से खेल प्रशिक्षक क्रिकेट कोच हिमांशु यादव के कुशल मार्गदर्शन में गौरेला पेण्ड्रा रोड में 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक होने वाले राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

इनकी इस उपलब्धि पर एन.पी.एस. क्रीड़ा विभाग के खेल अधिकारी निसार अब्बास खेल विभाग एवं शाला निदेशकमंडल, प्राचार्या सुश्री भारती गौते सहित शाला परिवार ने इस उपलब्धि पर ढेर सारी बधाईयाँ प्रेषित की।

# गैंदाटोला में लोकेश्वरी सेन का जगराता कल



.गैंदाटोला (दावा)। नवरात्रि के पावन पर्व में मां सरस्वती के विराजमान के अवसर पर जय मां सरस्वती उत्सव समिति भक्त चौक गैंदाटोला के द्वारा प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जय मां महामाया बालिका निर्मल जस परिवार आनद धाम सगनी (धमधा)लोकेश्वरी सेन का जस जगराता नाइट शो का कार्यक्रम दिनाक 15 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार को रात्रि 9 बजे से रखा गया है।

साथ ही इसी दिन समिति के सदस्यों के द्वारा विशाल भंडारा का भी आयोजन रखा गया आस पास के क्षेत्रवासियों से गुजारिश है की समय को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में पहुंच कर भंडारा का महाप्रसादी जरूर प्राप्त करे एवम जगराता का आंनद जरूर उठाए। इस कार्यक्रम की जानकारी भूपेन्द्र निर्मलकर के द्वारा दिया गया है।

# सेंट पीटर्स कान्वेंट स्कूल डोंगरगढ़ की छात्रा राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता की चैम्पियन बनी




**मोनिष्का बिरहा एवं दिव्या चौधरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

डोंगरगढ़ (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय कीडा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन दिनांक 03 से 06 अक्टूबर तक राजनांदगाँव जिला में सम्पन्न किया गया। जिसमें विद्यालय की कक्षा 10 वीं से दो छात्रा (मोनिष्का बिरहा एवं दिव्या चौधरी) ने शतरंज प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रदेश के विभिन्न स्थानों से प्रतिभागी एक-दूसरे को चुनौती देने के लिए एकत्र हुए थे।जिसमें अंडर 17 में मानिष्का बिरहा ने सबको चौकाते हुए चैंपियनशिप के प्रत्येक चरण में अपने कौशल और क्षमता का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया। साथ ही दिव्या चौधरी ने भी दो मैच जीतकर अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा मोनिष्का बिरहा को चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की गई। इस उपलब्धि पर छात्रा को विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर हिलारिया, विद्यालय संचालन समिति एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है, और भविष्य में भी इसी तरह विद्यालय का नाम रोशन करने की कामना की।

# स्काई लिफ्ट के पलटने से राम, लक्ष्मण और हनुमान हुए चोटिल





जांजगीर-चांपा। रावण दहन कार्यक्रम के दौरान रावण संवाद के लिए लगाया गया स्काई लिफ्ट पलट गया. हादसे में राम, लक्ष्मण और हनुमान को जहां चोट आई, वहीं तीन दर्शक को गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें से एक को बिलासपुर रेफर किया गया है. चांपा के भालेराय मैदान में शनिवार को रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े के अलावा कलेक्टर आकाश छिकारा और एसपी विवेक शुक्ला मौजूद थे. रावण संवाद के लिए बेन स्काई लिफ्ट लाया गया था, जो अचानक पलट गया।

हादसे में राम, लक्ष्मण और हनुमान का पात्र निभा रहे कलाकार को हल्की चोट आई, वहीं नीचे खड़े तीन दर्शक गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें से एक अवधेश सिंह के दोनों पैर का घुटना टूट गया, जिसे उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया। स्काई लिफ्ट के नीचे गिरने की घटना कुछ देर तक दर्शकों को समझ में नहीं आई. जब स्काई लिफ्ट की बात फैली तो दर्शकों में अफरा-तफरी मची. घायलों को किसी तरह से बाहर निकाल उपचार के लिए रवाना किया गया। इस तरह से 15-20 मिनट की हलचल के बाद रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न किया गया. सांसद, कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में आयोजक समिति की इस तरह की लापरवाही पर लोग सवाल उठा रहे हैं.

# सिनेमा लाईन में रही गरबा की धूम

डोंगरगांव (दावा)। नगर के सिनेमा लाईन स्थित नीलकंठ शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर पांच दिवसीय गरबा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचमी से लेकर नवमी तक चले इस गरबा के आयोजन में बच्चों व महिलाओं ने माता के आराधना में शालीनता से नृत्य कर गरबा उत्सव में चार चांद लगा दिया।



**कन्या भोज कर किया समापन**

डोंगरगांव की महिलाओं व बच्चों द्वारा माता रानी के पूजा अर्चना कर रंगारंग गरबा का शुभारंभ किया गया, साथ ही सभी मोहल्लेवासियों के सहयोग से अंतिम दिवस कन्या भोज का आयोजन किया गया। समापन दिवस पर समिति द्वारा महिलाओं व बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया, जिसमें उत्कृष्ट वेशभूषा के लिए प्रथम पुरस्कार विकास व नूपुर बरसागड़े, द्वितीय पुरस्कार प्रिया गुप्ता, तृतीय पुरस्कार नैना लोढ़ा को दिया गया. वहीं बेस्ट नृत्य प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार बबली सेन, द्वितीय पुरस्कार हनी पंजवानी व तृतीय पुरस्कार ज्योति गुप्ता को दिया गया।

बच्चों की वेशभूषा में प्रथम पुरस्कार जिया श्रीवास, द्वितीय पुरस्कार लक्ष्या राजपूत व तृतीय पुरस्कार हर्षिता लोढ़ा को प्राप्त हुआ। बच्चों के नृत्य प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार पलक राजपूत, द्वितीय पुरस्कार अनन्या गुप्ता व तृतीय पुरस्कार चंचल राजपूत को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सरोज बैस द्वारा भी विशेष पुरस्कार दिया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार हनी पंजवानी, द्वितीय पुरस्कार कोसी सेन व तृतीय पुरस्कार अनन्या गुप्ता को मिला। समिति द्वारा विशेष सहयोग के लिए मनीषा साहनी को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम को मुख्य रूप से विशाल सोनी, शशांक खोबरागड़े, दयानंद सेन, प्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र राजपूत व्दारा संचालित किया गया, वहीं इस आयोजन को लेकर समस्त मोहल्लेवासियों का सहयोग रहा।

# हॉकी खिलाड़ी तरुण का रेलवे तथा सुखदेव और तौफीक की वन विभाग में नियुक्ति








राजनांदगांव (दावा)। हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के तीन हॉकी खिलाड़ीयो की रेल्वे और वनविभाग में नियुक्ति हुई है। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि नगर के तरुण यादव (बम्बू) कि एस ई सी रेलवे बिलासपुर तथा तौफीक अहमद और सुखदेव निर्मलकर की वनविभाग में नियुक्ति हुई है। उक्त सभी हॉकी खिलाड़ी विगत कई वर्षो से जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के साथ साथ छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से कई राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते आये है। विगत दिनों रायपुर में आयोजित वनविभाग की चयन स्पर्धा में दोनों खिलाड़ियों ने अपने अच्छे खेल का प्रशिक्षण दिया। जिसके आधार पर उनका वन विभाग में चयन हुआ है। इसी प्रकार नगर के होनहार हॉकी खिलाड़ी तरुण ने भी विभिन्न राष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिताओ में उतकृष्ट प्रदर्शन कर एसईसीआर रेलवे बिलासपुर में चयनित हुए है।

उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया भुषण सॉव, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर) गणेश प्रसाद शर्मा, ज्ञानचंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, अशोक नागवंशी, अनिल यादव, कुमार स्वामी, रौबीन गाठलीब, दीपक यादव, आशिष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, जावेद खान, छोटेलाल रामटेके, विरेन्द्र सिंग भाटिया, संतोष चोकन्द्रे, खुशाल यादव, सचिन खोब्रागढे, विकास वैष्णाव, राजेश निर्मलकर, शकील अहमद, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, संदीप यादव, अभिनव मिश्रा, कृष्णा यादव ने शुभकामनाएं दी।

# विजयादशमी पर मंदिर में की गई शस्त्र पूजा



छुईखदान (दावा)। विजयादशमी दशहरा पर्व पर 12 अक्टूबर 2024 शनिवार को रानी मंदिर छुईखदान में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी की पूजा अर्चना करते हुए शक्ति उपासना पर्व पर शस्त्र पूजा किया गया। रानी मंदिर समिति संरक्षक राजपरिवार के लाल जे.के.वैष्णव ने जानकारी दी कि छुईखदान रियासत कालीन परम्परा में प्रतिवर्ष अनुसार नौ दिन शक्ति उपासना के साथ ही दसवें दिन विजय की प्रार्थना करते हुए विधि-विधान से शस्त्र की पूजा करते हुए रक्षा सूत्र बांधते हैं। दशहरा विजयादशमी पर्व पर भगवान श्री राम जी एवं वीर बजरंगबली हनुमान जी एवं मां दुर्गा की शस्त्रों के साथ विशेष पूजा अर्चना करते हैं। दशहरा पर्व पर नीलकंठ के दर्शन महत्व को बताया।

















# छीसगढ़ जन महोत्सव समिति में शनमुखा के गीतों पर झूमे दर्शक

राजनांदगांव (दावा)। विजयादशमी के पावन अवसर स्थानीय म्युनिसिपल स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति के तत्वाधान में शानदार सत्रहवें वर्ष रावण दहन का आयोजन सम्पन्न किया गया।

आयोजन के दौरान पार्श्व गायिका संमुखा प्रिया की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही मुम्बई की आकर्षक आतिशबाजी को भी शहर की जनता ने खूब सराहा। विजयादशमी महोत्सव में पार्श्व गायिका इंडियन आईडल फेम शनमुखा प्रिया के गानों से संस्कारधानी झूमती रही। मुंबई से सारेगामापा एवं इंडियन आइडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया ने टीम के साथ अपनी मधुर आवाज में गीतों की प्रस्तुति दी। मुंबई की कम्प्यूटराइज्ड शानदार आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। शनमुखा प्रिया ने राम आएंगे... रामा रामा रामा.., अई गीरी नंदीनी.., जैसे गीतों से संगीत प्रेमियों का मन मोह लिया।

सहायक गीतकार अमय दाते जो कि कलर्स पर राईजिंग स्टार शो में प्रतिभागी रहे हैं उन्होंने गणपति माझा लालबागा चा राजा.. मौज मस्ती.. जैसे गीतों के साथ शनमुखा प्रिया का साथ दिया। प्रसिद्ध कलाकार - सिद्धार्थ हाण्डा ने शानदार अंदाज में मंच को संभाला। इस अवसर पर अतिथियों की मौजूदगी में सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई।

उद्बोधन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ जन महोत्सव जन महोत्सव समिति ने सत्रह वर्षों में लगातार एक से बढ़कर एक कलाकारों को बुलाकर कार्यक्रम की सफलता की ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि म्युनिसिपल स्कूल का मैदान अब दर्शकों के लिए छोटा पढ़ने लगा है इसलिए मैदान को कैसे बडा किया जाए इस पर विचार करना जरूरी है। डॉ. रमन सिंह ने समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी, प्रशांत कांकरिया, हरीश शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों को सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि बुराई पर अच्छाई के जीत के इस महापर्व पर संस्कारधानी वासियों का प्रेम स्नेह इस आयोजन की सफलता को दर्शाता है।



आयोजन में मौजूद सांसद संतोष पांडेय ने रामायण के श्लोक से शुरुआत करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमें संस्कृति से जोड़े रखने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि गायिका शनमुखा प्रिया ने शिव तांडव स्त्रोत का जो वाचन किया वह मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने भी सभी को विजयादशमी बधाई दी। समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने सभी दर्शकों व समिति के सदस्यों व सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी के प्रेम स्नेह से छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति ने आज अपना सत्रहवाँ साल पूरा किया है और हमें विश्वास है कि आने वाले समय मे भी हम कार्यक्रम को बेहतर से और बेहतर बनाने का प्रयास आप सबके सहयोग से करेंगे।

कार्यक्रम में मौजूद पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया सहित अन्य कलाकारों ने मुक्त कंठ से आयोजन की सराहना की और कहा कि इतनी बडी भीड और दर्शकों का इतना प्रेम उन्हें कहीं नहीं मिला। पूरे आयोजन में पुलिस प्रशासन, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी सहित सभी के योगदान के लिए समिति ने आभार प्रकट किया।

## बसंतपुर पुलिस ने लूट के आरोपियों को 12 घंटे के अंदर धर दबोचा



**आरोपियों द्वारा लूटे गये आल्टो कार, सोने की चैन सहित नगदी रकम व मोबाईल जप्त**

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र में हुई लूट के वारदात के आरोपियों को 12 घंटे के अंदर धर दबोचा है। थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में लूट के आरोपियों के खिलाफ की गई त्वरित कार्रवाई के लिए लोगो ने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया है। बताया जाता है कि लूट के आरोपियों से नगदी रकम 20 हजार रू., एक नग सोने की चैन कीमत 30 हजार रू. तथा 10 हजार रूपये कीमत की मोबाइल व साढ़े तीन लाख रुपए कीमत की आल्टो कार को बरामद किया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी श्री देवांगन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में शहर में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर आरोपी, दीपक मेश्राम रितेश गुप्ता एवं डिकेश्वर साहू से पूछताछ कर आरोपी दीपक मेश्राम के मेमोरंडम कथन पर लुट में उपयोग किये गये स्कार्पियो कार तथा लुटे हुए कार, सोने की चैन, मोबाईल, नगदी रकम को बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यु. रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है। उपरोक्त कार्यवाही में उनके सहित सउनि जीवराज रावटे तथा सउनि मनमोहन साहू एवं पेट्रोलिंग बी-9 की सराहनीय भुमिका रही।

## असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है दशहरा-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



**0 लोगों से काम, क्रोध,मद, लोभ रूपी रावण का वध करने का आह्वान**
**0 डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में रावण दहन कार्यक्रम में हुए शामिल**

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के मैदान में दशहरा पर्व के अवसर पर हजारों की संख्या में जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। हम लोग हर साल रावण का वध करते है, परंतु इस पर्व की सार्थकता तभी है, जब हम काम, क्रोध, मद, लोभ रूपी रावण, जो हमारे मन में है, उसका वध करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता कौशल्या की नगरी और भांचा श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में रावण रूपी जो भी बुराई है, उसको हम सब मिलकर दूर करने का संकल्प लेना होगा।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर भगवान श्रीराम के जयकारे के बीच रिमोट का बटन दबाकर रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ के विशालकाय पुतले का दहन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विजयादशमी पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीते 53 वर्षों से डब्ल्यूआरएस कालोनी में रावण वध का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस साल का यह कार्यक्रम हम सब लोगों के लिए विशेष है क्योंकि 500 सालों के बाद छत्तीसगढ़ के भांचा भगवान श्रीराम जो भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हुए है। यह हम सबके लिए गौरव और प्रसन्नता की बात है। रावण वध का कार्यक्रम पारंपरिक ढंग आयोजित हुआ। इस मौके पर भगवान राम और रावण की युद्ध गाथा का मंचन हुआ और अंत में रावण के विशालकाय पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर आतिशबाजी और उत्सव का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने रावण दहन के बाद हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे को विजयादशमी की बधाई दी।

कार्यक्रम को रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, जयंती भाई पटेल, तोशेन्द्र देव साय, आयोजन समिति के प्रमुख जी.स्वामी, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, आयोजन समिति प्रमुख के पदाधिकारीगण सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विस अध्यक्ष के जन्मदिन पर कल भव्य कवि सम्मेलन









राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर कल 15 अक्टुबर को एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन में देशभर से प्रख्यात कवि पहुंचेंगे। जिनमें डॉ कुमार विश्वास और डॉ सुरेंद्र दुबे जैसे नाम शामिल है।



युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि विगत वर्षो की तरह ही इस बार भी कवि सम्मेलन को भव्य रुप देने के लिए तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टुबर दिन मंगलवार को रात आठ बजे से म्यूनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजन किया जाएगा, जहां हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इस कवि सम्मेलन में डॉ कुमार विश्वास के साथ ही पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे, डॉ सुमन दुबे, कविता तिवारी एवं दिनेश बावरा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति ने लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होकर इस कवि सम्मेलन का आनंद लेने की अपील की है।

## विसर्जन के दौरान तालाब में डुबने से युवक की मौत



घुमका (दावा)। रविवार सुबह 9 से 10 के बीच घुमका में मूर्ति विसर्जन के दौरान बांस डिपो चौक के 22 वर्षीय नीलेश कुमार पटेल पिता राजकुमार पटेल का तालाब में डूबने से मौत हो गई। नीलेश कुमार तीन भाईयों में छोटा था जो कि महिला बाल विकास विभाग घुमका परियोजना कार्यालय में डेलीवेज पर भृत्य का काम करता था उसके पिता राजकुमार मजदूरी कर जीवन यापन करते है. मामले की जानकारी होते हीं पुलिस ने पोस्टमार्टम शव को परिजनों को सौंप दिया गया। अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम खादी (सालहेवारा) के मुक्तिधाम में संपन्न हुई। टीआई बसंत बघेल ने घटना की पुष्टि की है। वही पर थाना क्षेत्र घुमका के मोहंदी मार्ग में जिला के सीजी के ग्राम आमदनी के 38 वर्षीय इंदल रजक पिता इतवारी रजक ने कपड़े को रस्सी बनाकर सड़क किनारे बबूल के पेड़ में फांसी लगा ली। जिसकी सूचना पुलिस को मिलते हीं पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मामला पंजी बद्ध कर जाँच में ली है पोष्ट मार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया

## कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा गौरीनगर स्कूल ग्राउंड में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी पर्व

**हाजी हलीम बख्श गाजी एवं हज्जन सबीहा गाजी का हुआ सम्मान**



राजनांदगांव (दावा)। कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता हफीज खान के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनता उपस्थित रही, साथ ही बच्चों की डांस प्रतियोगिता एवं वार्ड के ऐसे रहवासी जिन्होंने जिले से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक गौरीनगर व राजनांदगांव का नाम रौशन किया है। उन्हें टीका लगाकर शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चों व प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, तत्पश्चात आतिशबाजी का आनंद सहित प्रभु श्री राम, श्री लक्ष्मण व श्री हनुमान के रूप आये बच्चों के साथ रावण दहन किया गया।

उक्त अवसर पर समिति के अध्यक्ष हफीज खान ने कहा कि इस समिति के गठन व इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमेशा से ही कौमी एकता को बढ़ावा देते हुए आपसी सौहार्द्र का संदेश देना है। हर एक पर्व हम यहां बड़े ही धूमधाम से साथ में मनाते हैं इसी कड़ी में इस साल भी हमने भव्य आतिशबाजी व रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है साथ ही हमारी परंपरा रही है कि बच्चों व वार्ड की उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने उनका सम्मान करती है वह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया है सम्मान पाने वालों में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक हाजी हलीम बख्श गाजी एवं हज्जन सबीहा गाजी को हज करके लौटने पर कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा सम्मान किया गया। इसी प्रकार श्रीमती सुशीला नेताम(अध्यक्ष प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ गोडवाना गोड महासभा) का समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु व खेमू यादव, मोहन लाल छेदैय्या, हेमराय यादव, राजेश बाघ, श्रीमती नीरू सेंदुर, सुजान सोना, साबिर अली एवं मनोहर गजभिए द्वारा शासकीय पदों पर रहते हुए समाज के प्रति अपनी भागीदारी पूरी ईमानदारी से निभाते हुए सेवानिवृत्त हुए, जिन्हें कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा सम्मान किया गया तथा वार्ड में निवासरत उत्कृष्ट छात्र छात्रा राज सिन्हा (आईसीएसएफ में प्रथम) अलवीरा कुरैशी (सीजी बोर्ड दसवी में टॉपर) शकाइना नाग (साइकोलॉजी में गोल्ड मेडलिस्ट), वैशाली यादव (स्नातक में प्रथम स्थान), उत्कृष्ठ खिलाड़ी विवेक कुमार तिवारी (सॉफ्टबॉल में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय में प्रतिनिधि), ओमान नारायण तंबोली (सब जूनियर नेशनल बेसबाल), रिफत नाज (राज्य स्तरीय चित्रकला में टॉपर), समृद्धि शर्मा (लॉन टेनिस में राज्य स्तरीय प्रतिनिधि), धरा सिन्हा (सीबीएसई दसवी टॉपर), मानसी मंडावी (सीजी बोर्ड दसवी टॉपर) इत्यादि का सम्मान किया गया। रावण रूपी पुतला का निर्माण जीएल देवांगन एवं मोहन छेदैय्या ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश मोजेश ने की।

उक्त कार्यक्रम में श्री खान सहित वार्ड पार्षद समद खान, सतीश लाल, ज़ाकिर खान, हरीश यादव, विजय यादव, यासीन शेख, नरेंद्र सुलाखे, नरेश यादव, चंदन बनाफर, निलेन्द्र यादव, ताहिर अली, रंजीत यादव, बंशी लाल साहू, नागेश बंजारे, बिलाल शेख, राजू राजपूत, निर्मला यादव, रानी यादव, गिरधर लाला देवांगन, माखन छेदैया, जीवेंद्र कुंजाम, यासीन शेख, प्रकाश रामटेके, मन्नू पंचतिलक, हेमंत प्रताप सिंह, राजा साहू, गोपी सिन्हा डॉक्टर वज्र प्रताप सिंह, जितेंद्र दुबे, दुर्गा यादव, बबला यादव, रवि भट्ट, वीरेंद्र भट्ट, कादिर अंसारी, फिरोज सौदागर, रफीक खान आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com